

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार


E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


■ रायपुर,सोमवार 16 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-079 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## संक्षेप

### एक से 12वीं तक के छात्रों को मिलेंगे 15 हजार

**हैदराबाद,16 जून।** आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने स्कूली छात्रों के लिए डायरेक्ट कैश बेनिफिट योजना 'तल्लिकी वंदनम' लागू करने का ऐलान किया है. यह योजना आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडु की ओर से किए गए सुपर सिक्स वादों में से एक है. इस योजना के तहत कक्षा एक से 12वीं तक के छात्रों को हर साल 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी. यह योजना 12 जून से लागू हो गई है. तल्लिकी वंदनम योजना के तहत स्कूल जाने वाले प्रत्येक पात्र बच्चे के अभिभावक को 15000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी है. इनमें से 13 हजार रुपये छात्र के अभिभावक के खाते में भेजे जाएंगे. बाकी के दो हजार रुपये स्कूल के बुनियादी ढांचे, साफ-सफाई और स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए खर्च किए जाएंगे, जिससे स्कूलों में जरूरी सुविधाओं का विकास हो सके. यह धनराशि बच्चों के अभिभावकों के खाते में पैसे भेजते समय ही काट ली जाएगी. इस योजना का लाभ आंध्र प्रदेश के 67.27 लाख से अधिक छात्रों को मिलने का दावा आंध्र प्रदेश सरकार कर रही है. इस योजना का लाभ सरकारी के साथ ही निजी स्कूलों के छात्र भी उठा सकेंगे.

### सोनिया अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली,16 जून।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की हालत स्थिर है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष 78 वर्षीय सोनिया गांधी को रविवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर गंगा राम अस्पताल के प्रमुख डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, 'उन्हें पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के तहत रविवार रात नौ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वर्तमान में उनकी हालत स्थिर हैं और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।' बता दें कि बीते 9 जून को उनका इसी अस्पताल में मेडिकल टेस्ट हुआ था। इसी टेस्ट के दो दिन पहले, हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद सोनिया गांधी की शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में कुछ जांच की गई थी।

### 10 ग्राम सोना 99,214 का हुआ

**नई दिल्ली,16 जून।** सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर कहते हैं। एक्सपर्ट्स यही गोल्ड खरीदने की सलाह देते हैं। सोना आज यानी 16 जून को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार सोना 156 बढ़कर 99,214 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना पर 99,058 था। वहीं 13 जून को सोने ने 99,170 का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत 323 बढ़कर 1,06,490 प्रति किलोग्राम हो गई है।

# 2027 में होगी जनगणना गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली,16 जून।** देश की अगली जनगणना साल 2027 में कराई जाएगी. इसके लिए गृह मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना जारी की है. देश के अधिकांश हिस्सों में जनगणना के लिए 1 मार्च 2027 की आधी रात को आधार तारीख माना जाएगा. हालांकि, ठंडे और बर्फबारी वाले इलाकों जैसे लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में यह तिथि 1 अक्टूबर 2026 तय की गई है. इन क्षेत्रों के लिए मौसम की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. यह नई अधिसूचना 2019 में जारी पुराने आदेश को रद्द करते हुए लागू की गई है. सरकार की इस पहल से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े इकट्ठा किए जाएंगे, जिससे नीति निर्माण में मदद मिलेगी. अधिसूचना जारी होने के साथ ही जनगणना की औपचारिक शुरुआत भी हो गई है. साल 1872 में जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ये 16वीं जनगणना है, जबकि आजादी के बाद 8वीं जनगणना है. भारत में हर दस साल में एक बार जनगणना कराई जाती है. इसका मकसद देश की आबादी, सामाजिक और आर्थिक स्थिति और दूसरी जरूरी जानकारियां इकट्ठा करना होता है, ताकि सरकार नीतियां बनाने और योजनाएं तय करने में सही फैसले ले सके.



# पीएम मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली,16 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रांड क्रॉस ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ मकारियोस III' से सम्मानित किया है. सम्मान मिलने के बाद पीएम मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स, वहां की सरकार और जनता के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा, "सम्मान के लिए आपका, साइप्रस सरकार और साइप्रस के लोगों का हृदय से हार्दिक अभिनंदन और आभार व्यक्त करता हूं. यह सम्मान सिर्फ़ मेरा नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है. यह उनके सामर्थ्य और आकांक्षाओं का सम्मान है." प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय साइप्रस के दौरे पर हैं. इस दौरे के बाद वह कनाडा में होने वाले जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. साइप्रस पहुंचने पर वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स ने एयरपोर्ट पर स्वयं उनका स्वागत किया और रेड कार्पेट पर मोदी का भव्य स्वागत हुआ. इसके साथ ही पीएम मोदी साइप्रस की यात्रा करने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं, उनसे पहले इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी इस देश का दौरा कर चुके हैं. पीएम मोदी साइप्रस से कनाडा रवाना होंगे, जहां वे जी-7 समिट में हिस्सा लेंगे. यह समिट कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के निमंत्रण पर हो रही है. इस दौरान पीएम मोदी की मुलाकात अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी समेत कई वैश्विक नेताओं से होने की संभावना है.



# नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत, गर्मी को देखते हुए अब 11 बजे तक ही स्कूल खोलने का आदेश

**रायपुर,16 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में आज से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है. उन्होंने प्रदेश के सभी स्कूली बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की अपील की है. गर्मी की लंबी छुट्टी खत्म होने के बाद शहरों से लेकर गांव तक के स्कूलों में रौनक दिखाई दिखी. पहले दिन तैयार होकर नौनिहाल पाठशाला पहुंचे. हालांकि गर्मी का तेवर देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि 21 जून तक स्कूल सुबह 7 बजे 11 बजे तक संचालित होंगे. मौसम को देखते हुए सरकार के इस फैसले का सभी ने स्वागत किया है. गर्मी और उमस के चलते दोपहर के बाद तक स्कूल चलाने से बच्चों को स्वास्थ्यगत समस्या हो सकती थी.

इससे पहले मुख्यमंत्री साय ने बच्चों को मन लगाके पढ़ने का संदेश दिया है –

" प्यारे बच्चों, आज से स्कूल की घंटी फिर से गूंजने लगी है. नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फिर से एक नई शुरुआत हो रही है. आज का यह दिन हम सबके लिए विशेष है. मैं आप सभी से कहना चाहता हूँ कि खूब मन लगाकर पढ़िये, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आगे बढ़िए. आपकी शिक्षा, आपका उज्ज्वल भविष्य हमारी प्राथमिकता है। हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे। हम हर वह प्रयास कर रहे हैं, जिससे शिक्षा का बेहतर वातावरण बने। आज का यह दिन हम सबके लिए विशेष है। मैं आप सभी से कहना चाहता हूँ कि खूब मन लगाकर पढ़िये, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आगे बढ़िए। आपकी शिक्षा, आपका उज्ज्वल भविष्य हमारी प्राथमिकता है। हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे। हम हर वह प्रयास कर रहे हैं, जिससे शिक्षा का बेहतर वातावरण बने।

हमने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की नई शिक्षा शिक्षा नीति के संकल्पों के अनुरूप बदलाव कर पूरे प्रदेश के भविष्य को संवारने का प्रयास किया है। आप केवल मन लगाकर पढ़िये, बाकी की चिंता मुझ पर छोड़ दीजिये। खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और छत्तीसगढ़ के गौरव बनो। आप सभी बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।



### गर्म डस्ट में गिरने से दो मजदूर घायल

**बिलासपुर,16 जून।** मुंगेली जिले के रामबोड़ स्थित बासुदेव स्पंज आयरन प्लांट में एक बड़ा हादसा हो गया। मेंटनेंस कार्य के दौरान दो मजदूर गर्म डस्ट में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गए। घायल मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, घायल मजदूरों में एक फिटर पंकज निषाद और दूसरा ठेकेदार संजय सिंह शामिल है। दोनों मेंटनेंस के लिए शेड पर चढ़े हुए थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने पर दोनों ऊपर से नीचे गर्म डस्ट में गिर पड़े। हादसे के बाद प्लांट में अफरा-तफरी मच गई।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका 4 महिलाओं की मौत

**लखनऊ,16 जून।** यूपी की अमरोहा के गांव अतरासी कलां में खेतों के बीच संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में सोमवार दोपहर तेज धमाका हुआ। पूरी फैक्ट्री ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई। दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस-प्रशासनिक और दमकल टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अधिकारी मामले की जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। मलबे के नीचे दबे मजदूरों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। सोमवार दिन में करीब 11:45 बजे अतरासी कलां में संचालित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। धमाका इतना तेज था कि पूरी पटाखा फैक्ट्री ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। आसपास मलबा फैल गया। धमाके की आवाज सुन ग्रामीणों के बीच भी हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव का कार्य शुरू किया। वहीं सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक एवं दमकल टीमें भी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव की कवायद में जुट गईं। अब तक हादसे में चार महिलाओं की मौत की सूचना मिली है। वहीं हादसे से दर्जनों लोगों के घायल होने की बात सामने आई है।

# ईरान ने कैसे फेल कर दिया इजरायल का आयरन डोम

**तेल अवीव,16 जून।** इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर ईरान की मिसाइलें बरस रही हैं। पहले शुक्रवार की रात को ईरान ने ताबड़तोड़ हमले किए और इजरायल के सेना मुख्यालय तक को नुकसान पहुंचाया तो वहीं रविवार को किए मिसाइल हमलों में 5 लोगों की मौत हो गई। बीते कई दशकों में ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिल रहा है, जब किसी देश के हमले में इजरायल में ऐसी तबाही हुई हो। तेल अवीव में कई इमारतें जमींदोज हो गई हैं तो वहीं लोग बंकरों में छिपे रहे। यह इसलिए अहम है क्योंकि इजरायल का आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम दुनिया में सबसे प्रभावशाली और अचूक माना जाता है। फिर भी कैसे ईरान ने राजधानी तेल अवीव को निशाने पर लिया। यह बात हर कोई जानना चाहता है। जानकार मानते हैं कि ईरान के इन प्रभावी हमलों की वजह बलिस्टिक मिसाइलें हैं। अमेरिकी अनुमान के मुताबिक इजरायल के हमले से पहले तक ईरान के पास 3000 से ज्यादा बलिस्टिक मिसाइलों का जखीरा मौजूद था। अमेरिका की सेट्रंल कमांड के चीफ केनेथ मैकेंजी ने मार्च महीने में ईरान के मिसाइल बेड़े की बढ़ती ताकत को लेकर चिंता जताई थी। जानकार मानते हैं कि ईरान के पास जो बलिस्टिक मिसाइले हैं, उनमें रॉकेट भी हैं। ये रॉकेट मिसाइलों से निकलकर ऐसे वार करते हैं, जो कि बंदूक से तेज रफ्तार में गोली निकलती है। इतनी स्पीड और मारकता से इन मिसाइलों के रॉकेट निकलते हैं कि इन्हें इंटरसेप्ट करना और फिर रोक पाना मुश्किल हो जाता है। बलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करना आसान नहीं होता, जैसा कि ड्रोन्स के साथ होता है। फिर जब बलिस्टिक मिसाइलों का हमला ताबड़तोड़ हो यानी कि एक साथ कई मिसाइलें दाग दी जाएं तो फिर तय है कि कुछ मिसाइलें तो लक्ष्य को भेद ही देंगी। ऐसा ही इजरायल के साथ हुआ है। ईरान ने करीब 200 बलिस्टिक मिसाइलों के साथ हमला किया है। बलिस्टिक मिसाइलों की खूबी ही यही है कि ये बहुत तेज स्पीड के साथ अटैक करती हैं। इसके अलावा ये मिसाइलें तेजी से अपना रूट भी बदल लेती हैं और इन्हें इंटरसेप्ट करना और भी मुश्किल हो जाता है।



# 18 जून को कैबिनेट की अहम बैठक

**रायपुर,16 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने 18 जून को अपने अधिनस्त मंत्रियों की बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि साय कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में 18 जून को 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। चूंकि छत्तीसगढ़ में मानसून के आगमन के साथ ही किसानी का काम शुरू हो चुका है, ऐसे में ये माना जा रहा है कि किसानों और खाद से जुड़ी समस्याओं को लेकर लेकर साय कैबिनेट में अहम फैसला लिया जा सकता है। दूसरी ओर कयास लगाए जा रहे हैं कि बैठक में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को लेकर भी अहम फैसला लिया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार कयास लगाए जा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को लेकर साय कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लिया जा सकता है। हालांकि अभी इस संबंध में अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अगर सरकार इस संबंध में फैसला लेती है तो सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत हो जाएगा। बता दें कि केंद्रीय कर्मचारियों को फिलहाल 53 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान किया जा रहा है। दरअसल छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को फिलहाल 53 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान किया जा रहा है, जो केंद्रीय कर्मचारियों से दो प्रतिशत कम है। वहीं, जुलाई में एक बार फिर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी होनी है। ऐसे में साय कैबिनेट की बैठक को लेकर एक बार फिर सरकारी कर्मचारियों की उम्मीद जग गई है। गौरतलब है कि मार्च में छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की गई थी। 3 मार्च को विधानसभा में साल 2025-26 के वार्षिक बजट में 53 प्रतिशत डीए किए जाने की घोषणा की थी। इस दौरान सातवें वेतनमान में कार्यरत कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। इसके बाद उन्हें 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जबकि छठवें वेतनमान के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की दर से डीए का भुगतान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में "महंगाई भत्ता" वर्तमान में कितना मिल रहा है? फिलहाल छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। या साय कैबिनेट बैठक में "महंगाई भत्ता" बढ़ाया जाएगा? बैठक में महंगाई भत्ते को 55% तक बढ़ाने पर फैसला लिया जा सकता है, हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है जुलाई 2025 में "महंगाई भत्ता" फिर से बढ़

# एयर इंडिया के प्लेन में फिर तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली,16 जून।** ऐसा लगता है कि एयर इंडिया ड्रीमलाइनर के लिए मुश्किलें खत्म नहीं हो रही हैं। हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान को तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा है। उड़ान भरने के चंद मिनट बाद ही तकनीकी समस्या का पता लगने पर इस विमान को वापस हांगकांग लौटना पड़ा। बता दें कि चार दिन पहले ही अहमदाबाद में लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में विमान में सवार 241 यात्रियों की मौत हो गई। इसके अलावा जिस अस्पताल परिसर पर यह विमान गिरा, वहां के कुछ डॉक्टरों की भी जान गई है। सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकॉर्ड के मुताबिक यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ। इस पर पायलट ने विमान को समुद्र के ऊपर कुछ देर उड़ाया।हालांकि जब दिक्कत दूर नहीं हुई तो उसने वापस लौटने का फैसला किया। इसके बाद विमान करीब एक घंटे 19 मिनट बाद अपने मूल स्थान यानी हांगकांग हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। विमान स्थानीय समयानुसार एक बज कर 18 मिनट पर हांगकांग हवाई अड्डे पर उतरा। जहां उसकी गहन तकनीकी जांच की जाएगी।



# हरियाणा में मॉडल शीतल की गला रेत कर हत्या

**चंडीगढ़,16 जून।** हरियाणा में एक युवती की लाश मिली है, जिसकी पहचान शीतल के रूप में हुई है। हालांकि, परिवार की तरफ से शव की पुष्टि की जानी बाकी है। खबर है कि युवती पेशे से मॉडल थी। उसकी गला रेत कर हत्या की गई है। यह कांड ऐसे समय पर हुआ है जब पड़ोसी राज्य पंजाब के बठिंडा में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कमल कौर भाभी की हत्या की जांच जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृतका की पहचान शीतल के रूप में हुई है, जो हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़ी हुई थी। युवती का शव खांडा और झरोठी गांव के बीच एनसीआर नहर में मिला है। वह पानीपत के खलीला माजरा गांव की रहने वाली थी। खबर है कि शीतल हाल ही में अपनी बहन नेहा के साथ पानीपत स्थित सत करतार कॉलोनी में शिफ्ट हुई थी। कहा जा रहा है कि सुनील उसका प्रेमी था। सोनीपत एसीपी अजित सिंह का कहना है, 'पीड़िता की बहन नेहा ने शिकायत दर्ज कराई है कि शीतल 14 जून को घर से निकली थी और पानीपत के अहार गांव में शूटिंग पर गई थी। हम हर एंगल से केस की जांच कर रहे हैं। परिवार को शक है कि उसका मर्डर हुआ है।'नेहा के आरोप हैं कि शीतल ने उसे 14 जून की रात को कॉल किया था और बताया था कि पूर्व दोस्त सुनील शूटिंग पर आ गया था और उसे पीटा। नेहा ने कहा, 'उसने मुझे बताया था कि सुनील उसपर साथ चलने के लिए दबाव बना रहा था। इसके बाद उसका फोन कट गया और संपर्क से बाहर हो गई। रविवार को सुनील की कार दिल्ली में एक नहर में मिली, जिसे राहगीरों ने निकाला, लेकिन मेरी बहन उस कार में नहीं थी।'

उन्होंने कहा, 'मुझे शक है कि सुनील ने मेरी बहन की हत्या कर दी और झूठी कहानी बता रहा है। उसका पानीपत के अस्पताल में इलाज चल रहा है।' नेहा ने कहा, 'सुनील उसके साथ शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन बहन को यह पता चल गया था कि सुनील की शादी हो चुकी है और वह दो बच्चों का पिता है। शीतल ने होटल में नौकरी छोड़ दी, लेकिन उसका मालिक लगातार पीछा करता रहा।'



# कार ने 2 बाइक को मारी टक्कर, 4 की मौत

**जीपीएम,16 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला में रफ्तार के कहर ने चार जिंदगिंया छीन ली। यहां तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक सवार युवक-युवती को चपेट में लेकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार चार दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि कार का चालक शराब के नशे में धुत्त था। जिसने एक के बाद एक दो बाइक को चपेट में लेकर एक्सीडेंट किया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकरायी। इस हादसे में शराब के नशे में धुत्त कार के चालक को भी गंभीर चोट आई है।

सड़क दुर्घटना का ये मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र के मझगवां क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक ये भीषण सड़क दुर्घटना रविवार देर रात की बतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि 25 वर्षीय गंगाराम गंधर्व अपने साथी रामावतार गोंड, भूपेंद्र गोंड और शानू केवंट के साथ अपने फ्रेंड के बर्थ पार्टी में गये हुए थे। देर रात सभी चार दोस्त दो बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में धुत कार के चालक ने मरवाही की तरफ जाने के दौरान दोनों बाइक को चपेट में लेकर टक्कर मार दी। इस हादसे में कार की टक्कर के बाद बाइक सवार 3 युवक और एक युवती सड़क पर दूर जा गिरे। वहीं तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकरायी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल 2 दोस्तों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य युवक और युवती की पुलिस और राहगिरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में कार चला रहे स्वनिल नामक युवक को भी गंभीर चोट आई है। उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पोड़ी बस स्टॉप पर कीचड़ ही कीचड़




कवर्धा, 16 जून। बीती रात बारिश के कारण पोड़ी बस स्टॉप में कीचड़ ही कीचड़ जैसी स्थिति हो गई है। सड़क पर चलने में लोगों को दिक्कत होती हुई दिखी और गाड़ी चलाने में आराम से लोग गुजर रहे है जिससे की गाड़ी गिर ना जाए और कोई घटना ना घट जाए।

# 18 जुआरी गिरफ्तार, 10 लाख कैश, 20 मोबाइल जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 16 जून।** पुलगांव थाना अंतर्गत अंजोरा चौकी क्षेत्र में पुलिस ने आज जुआ खेलने वालों के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है. महमरा गांव में पृथ्वी पैलेस के पीछे जुआ खेल रहे 18 लोगों को पुलिस ने धर दबोचा है और जुआरियों से 10.82 लाख रु नकदी रकम समेत ताश के पत्ते और 20 मोबाईल जब्त कर लिए हैं.

जानकारी के मुताबिक, आज (16 जून 2025) को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जुआरियों का समूह पृथ्वी पैलेस बाउण्ड्रीवाल के पीछे 52 पत्ती ताश से बड़ी राशियों का जुआ खेल रहे हैं. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम रवाना हुई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर जुआ खेलते 18 लोगों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जुआ की रकम, ताश के पत्ते और आरोपियों के मोबाईल ब्त कर जुआरियों के खिलाफ जुआं प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2).5 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. गिरफ्तार आरोपियों के नाम दिनेश जोशी (29), नंदनी रोड भिलाई थाना छावनी, हर्षित जैन (26) साकिन महावीर नगर थाना दुर्ग, साहिल हरनखेडे (25) साकिन राजीव नगर थाना दुर्ग, गोपी सोनकर 28) साकिन शिव पारा थाना दुर्ग, संदीप सिह 29 वर्ष साकिन ऋषभ ग्रीन सिटी थाना पुलगॉव, भवीन जैन (33) साकिन ब्राम्हण पारा थाना दुर्ग, पप्पू साहू (38) साकिन राजीव नगर दुर्ग, नीलम कुमार (26) सदर बाजार दुर्ग, चंदन सोनवानी (29) मठपारा थाना दुर्ग, टेकेश्वर देवांगन (27) उरला थाना मोहनगर, नरेश जैन (40) ऋषभ ग्रीन सिटी थाना पुलगांव, हर्ष देवांगन (28) साकिन नया पारा रोड दुर्ग, भुनेश्वर चंद्राकर (31) साकिन कर्मचारी नगर थाना मोहननगर, हेमलाल ढीमर (26) रुआबांधा थाना भिलाईनगर, खुशाल सरवैया (31) तकियापारा दुर्ग, मनय जैन (31) साकिन गांधी चौक दुर्ग, विनोद गोवानी (40) साकिन सिंधी कालोनी दुर्ग, भूपेन्द्र गुप्ता (30) साकिनशंकर नगर दुर्ग है।

## एक नजर

### युवक से मारपीट, माला दर्ज

**भिलाई, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि 14 जून को सुबह 4 बजे के आसपास चरोदा हाइट्स आवासीय परिसर के पास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगे चाय ठेले पर प्रार्थी रियल स्टेट कारोबारी करण गुप्ता अपने एक दोस्त अंशु तिवारी के साथ चाय पी रहा था। तभी काले रंग की थार कार सीजी 07 सीएम 8400 में गौतम सोना नामक शख्स वहां पर पहुंचा। गौतम के साथ तीन से चार युवक भी थे। कार से उतरकर गौतम अपने साथियों के साथ करण गुप्ता के पास आया और अपने खिलाफएसएसपी से की गई शिकायत का हवाला देकर गाली गलौज करने लगा। फिर गौतम और उसके साथियों ने करण गुप्ता को अपनी गाड़ी में बिठाकर फोरलेन सड़क से होकर रायपुर की ओर निकल पड़े। प्रार्थी करण गुप्ता ने पुलिस को दी गई जानकारी में बताया है कि गाड़ी में बिठाकर गौतम सोना और उसके साथी अश्लील गालियां देने के साथ ही मुक्के से मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान उसने गियर में लात मारी तो गाड़ी रुक गई। गाड़ी के रुकने पर वह बाहर निकला तो उसका दोस्त अंशु तिवारी जो उनका पीछा कर रहा था वह अंशु तिवारी के साथ दुपहिया वाहन में सीधे भिलाई-3 थाना पहुंचा। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में भाजपा नेता गौतम सोना सहित तीन से चार युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 138, 296, 351(2), 3 (5) और 115 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द गिफ्तारी हो जाएगी।



### चौहान ग्रीन वैली में ऑनलाईन सट्टा का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अंतर्गत चौहान ग्रीन वेली में किराए के मकान में चल रहे ऑनलाइन सट्टा एप के पैनल का भंडाफोड़ किया है इस मामले में पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस, 7, 8 छ.ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी जितेंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। स्मृतिनगर पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चौहान ग्रीन वेली जुनवानी में अपने मोबाइल से ऑनलाइन गेंमिग सटटा लिखा रहा है। इस पर तुरंत एक टीम को मौके पर रेड मारने रवाना किया गया। टीम ने मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर स्कूटी पर बैठे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में संतरा बाड़ी दुर्ग निवासी जितेन्द्र कुमार शर्मा पिता गिरधर गोपाल शर्मा (28 वर्ष) ने बताया कि अहिवारा के रहने वाले देबू सिंह ने उसे ऑनलाइन गेमिंग अन्ना सटटा एप में काम करने का ऑफर दिया इसके बाद उसने अपने साथी अजय कुमार उर्फ अज्जु एवं शाहिद अंसारी के साथ चौहान ग्रीन वेली में किराए के मकान लेकर सटटा एप का पैनल चालू किया आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से विभिन्न बैंक के 12 एटीएम कार्ड, चेक बुक, पास बुक, 3 सिम, 2000 रुपए की नगद समेत एक आईफोन और एक सेमसंग अल्ट्रा मिला। प्रकरण में अन्य आरोपी देबू, अजय उर्फ अज्जु और शाहिद अंसारी की तलाश की जा रही है।

### लोगों ने विधायक देवेंद्र को अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**भिलाई, 16 जून।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव रविवार को सेक्टर-5 कार्यालय पहुंचे विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से भेंट मुलाकात की। जहां खुर्सीपार, छावनी, सुभाष नगर, हुडको और टाउनशिप क्षेत्र के लोगों ने क्रमशः अपनी समस्याओं से अवगत कराया। टाउनशिप के सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाली महिलाओं ने विधायक को बताया शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन किया था, जिसे अपात्र कर दिया गया। जबकि आवेदन के साथ सभी दस्तावेज जमा कर किया गया था, आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया की विसंगति, प्रधानमंत्री आवास का अलाट होने के बाद पजेशन देने में विलंब, आवंटन में नाम नहीं आने पर राशि की वापसी, वार्ड 51 शिवाजी नगर में पानी की समस्या, खुर्सीपार क्षेत्र के बड़े नाला-नालियों की सफाई, ट्रांसपोर्ट नगर रोड में बेतरतीब खड़े भारी वाहनों से लोगों को होने वाली परेशानी बताया।

# फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर 55 लाख की ठगी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## प्रगति नगर रिसाली निवासी माता-पिता और बेटी को बनाया था शिकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 जून।** नेवई थाना पुलिस प्रगति नगर रिसाली निवासी माता-पिता और बेटी को फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर करीब 55 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में 16 सी किलोमीटर का सफर कर लखनऊ (उत्तरप्रदेश) पहुंची जिस बैंक में पैसे का ट्रांजेक्शन हुआ अधिकारियों से थानेदार मिले। बैंक अधिकारी की मदद से थम्ब के बहाने आरोपी राजेश को बुलाया जैसे ही वह पहुंचा पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया और अन्य तीन आरोपियों को उसकी निशानदेही पर गिरफ्तार किया है।

इस तरह से नेवई पुलिस ने 48 घंटे के भीतर पूरे मामले में सफलता हासिल की है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि नम्रता चन्द्राकर निवासी प्रगति नगर रिसाली ने थाना नेवई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 अप्रैल मोबाइल धारक ने स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताकर प्रार्थिया के पिता को वीडियो काल कर कहा कि उनके नाम के केनरा बैंक के खाते को नरेश गोयल को बेचकर 2 करोड़ रू का मनी लांड्रिंग किया गया है। उनका सहयोग करने का आरोप लगाकर सभी सदस्यों की संपत्ति की सारी जानकारी लेकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर अलग अलग खाते व किस्तों में 29 अप्रैल से 29 मई के मध्य 54 लाख 90 हजार रुपए छलपूर्वक जमा कराया गया रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना नेवई में धारा 318 (4) बीएनएस 67 (डी) आईटीएक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान

आरोपी मोबाइल धारक एवं लाभार्थी बैंक खाता धारक की तकनीकी सहायता से एवं बैंक से जानकारी प्राप्त की। आरोपी लखनऊ (उ.प्र.) का होना पाया गया। इसके बाद नेवई थाना प्रभारी आनंद शुक्ला, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र तारम, सउनि रामचंद्र कंवर, प्रधान आरक्षक सूरज पांडेय, आरक्षक रवि बिसाई की टीम बनाई। टीआई ने बताया कि 12 जून की रात 1 बजे भिलाई से लखनऊ (उत्तरप्रदेश) के लिए रवाना हुई। अगले दिन 13 जून की शाम 4 बजे पहुंची। वहां की पुलिस की मदद से चारों आरोपियों दीपक गुप्ता (19 वर्ष) निवासी लखनऊ (उत्तरप्रदेश), राजेश विश्वकर्मा उर्फ राजू पेंटर (36 वर्ष) निवासी लखनऊ (उत्तरप्रदेश), कृष्ण उर्फ कृष (19 वर्ष) निवासी लखनऊ (उत्तरप्रदेश) व शुभम श्रीवास्तव उर्फ मोन्टी निवासी लखनऊ (उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है आरोपी कमीशन लेकर काम करते थे।

नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि संदेही दीपक, गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, कृष्णा कुमार, शुभम श्रीवास्तव को पकड़कर प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी कृष्ण का परिचय, सोहित के माध्यम से शुभम श्रीवास्तव से हुआ। आरोपी दीपक गुप्ता और कृष्ण कुमार का दोस्त ह.जिसने बताया कि मोहल्ले का निवासी राजेश विश्वकर्मा का यूनियन बैंक शाखा पी.एन. रोड लखनऊ में खाता है, जिसने फ्राड के रकम के लिये अपने खाता को दिया एवं धोखाधड़ी में सहयोग करने के लिये तैयार हुआ। राजेश के यूनियन बैंक खाता में 29 मई को 09 लाख रूपये फ्राड का रकम आया जिसे राजेश ने सेल्फचेक के माध्यम से रकम को निकलकर राजेश विश्वकर्मा उर्फराजू पेंटर (36 वर्ष) निवासी लखनऊ (उत्तर प्रदेश), कृष्ण उर्फ कृष (19 वर्ष) निवासी लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और दीपक गुप्ता (19 वर्ष) निवासी थाना हजरतगंज जिला लखनऊ (उत्तर प्रदेश) को शुभम (25 वर्ष) निवासी त्रिवेणी नगर लखनऊ (उत्तर प्रदेश) ने कमीशन के तौर पर 36 हजार रूपये दिया और शेष 8 लाख 64 हजार अपने पास रखा। वहीं पुलिस इस मामले के अन्य साथी लाइक, राज, फब्बैलो और उज्जवल को अपना कमीशन लेकर दिया था। उनकी तलाश पुलिस कर रही है।

# शहीदों के नाम पौधा रोपण सांसद बघेल ने दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपन्न ऐतिहासिक ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति तथा भारतीय सेना की वीरता और विजय गाथा को चिरस्थायी बनाने दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल द्वारा शहीदों के नाम पर पौधारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

सेक्टर-5 चौक स्थित बगीचे में वृक्षारोपण कर ऑपरेशन सिंदूर उद्यान का नाम दिया गया जिसमें विजय बघेल सांसद धर्मपत्नी रजनी बघेल, ललित चंद्राकर विधायक, अलका वाघमार महापौर, पुरुषोत्तम देवांगन जिला अध्यक्ष, स्वीटी कौशिक अध्यक्ष महिला मोर्चा, एन के दीक्षित कुलपति, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, सहसंयोजक ऑर्टकाम संचालक निशु पाण्डेय ने पौधे रोपकर हर आंगन एक पेड़ का संदेश दिया साथ ही पेड़ पौधों को बचाने का भी संकल्प लिया गया। अ

ॉपरेशन सिन्दूर के नाम पर छत्तीसगढ़ राज्य में पहले उद्यान का नामकरण हुआ है। इस अवसर पर करमजीत सिंह, शारदा गुप्ता, डॉ राजेश श्रीवास्तव गुरुनानक सिंह, अमिताभ भट्टाचार्य, मदन सेन, संजय तिवारी, अजय काचलवार, श्री राम, शिव शंकर यादव, सुभाष पंडित हरीश भारती भास्कर तिवारी परस जंघेल राजेश केसरवानी, विकास शर्मा, आशुतोष दीक्षित, नरेश सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# योग आसनों का अभ्यास कर इसे दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** तन और मन के बीच का संतुलन भी कहलाता है योग। मन और शरीर दोनों का स्वस्थ होना ही जीवन का पहला लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के साथ सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम ग्राउंड में प्रातः भोर में चिड़ियों की चहचहाहट के साथ श्वेत वस्त्र ब्रह्मा वत्सों ने सबका मंगल हो, ओम ध्वनि, आओ योग करें.. गीतों पर संगठित रूप से राजयोग-प्राणायाम व सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कर तन और मन से स्वस्थ रहने का संदेश देकर इसे प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

तत्पश्चात वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने सुंदर व रचनात्मक तरीके से सभी को कमेंट्री द्वारा राजयोग का अभ्यास कराकर स्वयं तथा प्रकृति के पांचों तत्वों को भी शांति के प्रकंपन प्रवाहित किए। जून मास के खिले मौसम और चढ़ती धूप के साथ सभी का सम्पूर्ण मौन में रहकर एक साथ सूर्य को नमस्कार करना और उसके उपरांत राजयोग के अभ्यास द्वारा चैतन्य ज्ञान सूर्य शिव परमात्मा को नमस्कार करना अद्भुत व दर्शनीय था, जिसमें मुख्य रूप से भिलाई स्थित सभी सेवाकेंद्रो की वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों सहित बड़ी संख्या में ब्रह्मा वत्सों ने योगाभ्यास कर लाभ लिया।

# छत्तीसगढ़ ने दिल्ली में लहराया जीत का परचम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 जून।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में में नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफइंडिया द्वारा आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के सभी आयु वर्ग के 91(बालक बालिका) खिलाड़ियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 70 मैडल जीते और चैम्पियनशिप में पंजाब के बाद दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अंडर 14 ब्वॉयज सिंगल सोटी टीम में अमर सिंह, अंकित, करन सिंह और अमन सिंह को कांस्य पदक मिला। फरी सोटी व्यक्तिगत में एकमजोत को गोल्ड मेडल मिला। अंडर 14 गर्ल्स फरी सोटी टीम में नवजोत कौर, गुरप्रीत कौर, अवनीत कौर यामिनी ने सिल्वर मैडल जीता। सिंगल सोटी गर्ल्स टीम में प्रिया यदु, नवजोत कौर, अमृत कौर, रुपप्रीत को कांस्य पदक मिला।

अंडर 17 ब्वॉयज फरी सोटी व्यक्तिगत में हर्षदीप सिंघ ने को हराकर गोल्ड मेडल जीता। टीम इवेंट में अर्शदीप, सिंघ, मनजोत, मनवीर और दिलजीत ने सिल्वर मैडल जीते। सिंगल सोटी में समर्थ सिंघ ने गोल्ड मेडल हासिल किया। गर्ल्स टीम में डिम्पल को सिल्वर मेडल मिला। अंडर19 ब्वॉयज सिंगल सोटी व्यक्तिगत में हरकिरत सिंघ ने गोल्ड मेडल जीता। टीम में नीलेश यदु, पवनदीप, नीरज और साहिल को कांस्य पदक मिला। फरी सोटी कुलदीप, रनवीर, राजदीप को कांस्य पदक मिला।

फरी सोटी व्यक्तिगत गर्ल्स में मनप्रीत को कांस्य पदक जीता। अंडर 22 ब्वॉयज सिंगल सोटी टीम में अंशदीप, मनदीप, तरनप्रीत और धनेश्वर टंडन ने सिल्वर मेडल जीता। गर्ल्स फरी सोटी व्यक्तिगत में गुरप्रीत ने कांस्य पदक जीता। टीम में उमाशंकर साहू, भुनेश्वरी, गुरप्रीत को कांस्य पदक मिला। सिंगल सोटी में आरती साहू को कांस्य पदक मिला। अंडर 25 ब्वॉयज सिंगल सोटी व्यक्तिगत में गुरताज को कांस्य पदक और टीम में जगराज, रितेश, सतीश और प्रियांक अग्रवाल को सिल्वर मेडल जीता।

फरी सोटी व्यक्तिगत मुकाबले में कुदरत सिंघ को कांस्य पदक और टीम इवेंट में रजिंदर, रनविजय, जतिन ने कांस्य पदक जीता। अंडर 25 गर्ल्स सिंगल सोटी व्यक्तिगत में दिनेशवरी को सिल्वर मेडल और टीम में मधु प्रिया, पंचवटी और दिनेशवरी ने गोल्ड मेडल जीता। फरी सोटी टीम में मुकाबले में साक्षी खल्को, शिल्पा तिर्की और नमनदीप को सिल्वर मेडल जीता और व्यक्तिगत मैच में साक्षी ने गोल्ड मेडल जीता। इस तरह 8 गोल्ड 27 सिल्वर और 35 कांस्य पदक जीते। तालकटोरा स्टेडियम में छत्तीसगढ़ गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू और कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ मैच देखने और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए विशेष रूप से दिल्ली पंहुचे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल से विशेष मुलाकात की और गतके के भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। छत्तीसगढ़ एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफइंडिया की ओर से महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा का विशेष सम्मान किया गया।

## मां विहार कॉलोनी में शिफ्ट किए गए लोगों के लिए प्रशासन ने किया है सभी जरूरी सुविधाओं का इंतजाम

# नगर निगम व अन्य विभागों से 400 लोगों की टीम तैनात

- साफ-सफाई और जरूरी व्यवस्थाओं के लिए की जा रही कवायद
- शिफ्ट किए गए लोगों के नाश्ते और भोजन का है प्रबंध, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया मेडिकल कैंप, स्कूल शिक्षा विभाग ने बच्चों के दाखिले के लिए लगाया कैंप, खाद्य विभाग ने राशन कार्ड के लिए बनाया हेल्प डेस्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जून।** प्रगति नगर से मां विहार कॉलोनी में शिफ्ट किए गए लोगों के लिए प्रशासन ने सभी जरूरी इंतेज़ाम किए हैं। यहां पहुंच रहे लोगों के शिफ्टिंग में सहयोग के साथ साथ पूरे परिसर की साफ सफई और व्यवस्था के लिए नगर निगम व अन्य विभागों से 400 से ज्यादा लोगों की टीम लगाई गई है। मां विहार कॉलोनी में शिफ्ट हुए लोगों के लिए नाश्ते और भोजन का प्रबंध किया गया है। यहां स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया है, मेडिकल वैन के साथ डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ की टीम यहां मौजूद है। साथ ही यहां शिफ्ट हो रहे परिवार के बच्चों के स्कूल में दाखिले में सुविधा की दृष्टि से शिक्षा विभाग ने यहां कैंप लगाया है। शिफ्ट हो रहे लोगों को राशन कार्ड सम्बन्धी दिक्कत न हो इसके यहां खाद्य विभाग की टीम ने हेल्प डेस्क बनाया है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मां विहार कॉलोनी में लगभग 100 परिवारों को आवास आबंटित कर दिया गया है। यहां नगर निगम की टीम लोगों को शिफ्टिंग में सहयोग के साथ ही आवास में इलेक्ट्रिक और प्लंबिंग के कार्यों के लिए भी टीम लगाई गई है।




# आदित्यान्वेषण का समापन समारोह संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 जून।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा रेलवे इंस्टीट्यूट बी.एम.वाई एवं रेलवे मिश्रित हायर सेकेंडरी स्कूल बी.एम.वाई के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर आदित्यान्वेषण का समापन समारोह बी.एम.वाई रेलवे स्कूल के मुक्ताकाशी मंच में 14 जून को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, द.पू.म.रेलवे आदित्य कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप मे वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी रायपुर राहुल गर्ग एवं उनकी पत्नी श्रीमती अनुप्रिया राहुल गर्ग उपस्थित थे। राहुल गर्ग ने आदित्यान्वेषण का अर्थ बताते हुए कहा कि उगते हुए सूर्य की तरह उभरती प्रतिभाओं को तराशना कार्यक्रम का उद्देश्य है। मुख्य अतिथि आदित्य कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चे अपना अधिकांश समय मोबाइल पर व्यर्थ करते हैं, इस तरह के आयोजन से बच्चों को इस लत से छुटकारा दिला कर उन्हें एक प्रतिभावान कलाकार बनाया जा सकता है। इस शिविर के माध्यम से चरोदा अंचल मे नए सांस्कृतिक यात्रा की शुरूआत हुई। जिसने चरोदा, कुम्हारी, भिलाई 03 सह संलग्नक ग्रामीण क्षेत्रों में नव सांस्कृतिक-साहित्यिक सकारात्मक संदेश का संचार एवं बीजरोपण कला साहित्य अकादमी के सहयोग से किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डी.विजय कुमार, मंडल समन्वयक/ द.पू.म.रेलवे म.कांग्रेस एवं श्रीमती डी. लक्ष्मी, प्राचार्या मि.हा.से.स्कूल बी.एम.वाई उपस्थित रहे। संचालन फरीदी निसार अहमद मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक एवं नेमानी हेमा द्वारा किया गया।

# युक्तियुक्तकरण शिक्षा को व्यवस्थित करने का प्रयास:मुख्यमंत्री

- कोई भी स्कूल अब शिक्षकविहीन नहीं, एकल शिक्षकीय स्कूलों में 80 फीसद की गिरावट

**रायपुर 16 जून।** राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की एक व्यापक और सार्थक पहल की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के अनुरूप मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में यह दूरगामी सुधार, वास्तव में राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और लंबे समय से चली आ रही शैक्षिक विसंगतियों के समाधान का कारगर प्रयास है। युक्तियुक्तकरण से पहले, छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण अंचल की शालाओं में शिक्षकों की कमी, नगरीय इलाकों और उसके समीप की शालाओं में जरूरत से ज्यादा शिक्षकों की पदस्थपना के कारण शिक्षा प्रभावित हो रही थी और इसका असर बच्चों के परीक्षा परिणाम



पर भी पड़ रहा था। राज्य के लगभग 212 प्राथमिक शालाएं और 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं पूरी तरह से शिक्षक विहीन थीं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं और 255 पूर्व माध्यमिक शालाएं केवल एक शिक्षक के साथ संचालित हो रही थीं। इसके अतिरिक्त 211 शालाएं ऐसी थीं जहाँ छात्र संख्या शून्य थी, लेकिन शिक्षक पदस्थ थे। इसके अलावा, 166 शालाओं को समायोजित किया गया, इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की 133 शालाएं शामिल थीं, जिनकी दर्ज संख्या 10 से कम थी और दूरी 1 किमी से कम थी, तथा शहरी क्षेत्रों की 33 शालाएं थीं, जिनकी दर्ज संख्या 30 से कम थी और दूरी 500 मीटर से कम थी। इन चुनौतियों के बावजूद, छत्तीसगढ़ का छात्र-अध्यापक अनुपात (पीटीआर) राष्ट्रीय औसत से उल्लेखनीय रूप से बेहतर था, प्राथमिक शालाओं के लिए पीटीआर-20 था, जबकि राष्ट्रीय औसत 29 है और पूर्व माध्यमिक शालाओं के लिए पीटीआर-18 था, जबकि राष्ट्रीय औसत 38 है। हालांकि, वितरण असमान था। राज्य में लगभग 17,000 प्राथमिक शालाएं और लगभग 4,479 पूर्व माध्यमिक शालाएं थीं, जिनका पीटीआर-20 से कम था। अकेले शहरी क्षेत्रों में 527 ऐसे विद्यालय थे, जिनका पीटीआर-10 से कम था, जिनमें 15 या उससे अधिक शिक्षकों वाली 08 प्राथमिक शालाएं, 10-15 शिक्षकों वाली 61 शालाएं और 6-9 शिक्षकों वाली 749 प्राथमिक शालाएं थीं, ये आंकड़े बेहतर संसाधन आवंटन की जरूरत को दर्शाते हैं।

## समाचार संक्षेप



### फादर्स-डे पर दो बेटियों के पिता कमलेश वास का किया गया सम्मान

**रायपुर, 16 जून।** लाहोटी मित्र मंडल संस्था के तत्वाधान में ,रायपुर जिला सेन समाज के सचिव कमलेश वास को फादर्स डे के अवसर पर 36 ऐसे उत्कृष्ट पिता का सम्मान किया है , जिनकी पत्नीया नहीं है, ऐसे पीताओं का सम्मान की कड़ी में सेन समाज के सचिव कमलेश वास का दो बेटियों को मां एवं पिता दोनों का प्यार दिया ,जिस कारण उन्हें सम्मानित किया गया ,इस कार्य में सेन समाज के रायपुर जिला की अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर, सुशील कौशिक ,अनिल सेन मार्गदर्शक बने, तथा उनकी दो बेटियां काव्या एवं चांदनी उसे कार्यक्रम में पूरे समय साथ रहे एवं सम्मान मिलने की खुशी में नारायण सेन, राज वास ,सतीष वास लता वास ,श्याम सेन आदि सभी समाज जन, ने उन्हें शुभकामनाएं , एवं बधाई दी। उक्त जानकारी दिलीप सेन एवं डॉ मनोज ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।

### असामाजिक तत्व के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर भेजा जेल

**राजनांदगांव, 16 जून।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में लगातार चलाये जा रहे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहु के नेतृत्व में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात व्यक्ति डोगरगांव मार्ग टाईल्स हार्ड वेयर के सामने अपने पास एक धारदार बटनदार चाकू लेकर घुम रहा है तथा लोगो को डरा धमका रहा है कि



सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो के रवाना हुआ मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम चंदन ठाकुर पिता स्व ईतवारी ठाकुर उम्र 22 साल निवासी महामाया चौक शिकारीपारा बसंतपुर राजनांदगांव का रहने वाला बताया। चंदन ठाकुर की तलाशी लेने पर उसके पास से एक बटनदार धारदार चाकू बरामद किया। उक्त चाकू रखने के संबंध में आरोपी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया

### कृषि मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन

- खाद-बीज की उपलब्धता, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं उद्यानिकी की प्रगति सहित केन्द्र और राज्य परिवर्तित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे

**रायपुर, 16 जून।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में 16 जून को सवेरे 10 बजे से बैठक आहूत की गई है। बैठक नवा रायपुर अटल नगर स्थित न्यू सर्किट हाऊस में रखी गई है। कृषि मंत्री श्री नेताम बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था, सुशासन तिहार से प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं उद्यानिकी विभाग की प्रगति सहित केन्द्र और राज्य परिवर्तित योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करेंगे। बैठक में संचालक कृषि, संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक, राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड के प्रबंध संचालक सहित, संयुक्त संचालक, उप संचालक और सहायक संचालकों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस ने कई दिन अभियान चलाकर 14 बदमाशों भेजा जेल

**धमतरी, 16 जून।** जिले में बढ़ती नशाखोरी, चाकूबाज़ी, अड्डेबाज़ी और अन्य असामाजिक गतिविधियों को देखते हुए धमतरी पुलिस द्वारा एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पिछले पाँच दिनों से पूरे जिले में लगातार जारी है, जिसमें संभावित असामाजिक तत्वों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और सख्त निगरानी की जा रही है। यह कार्रवाई जिले के गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों की मांग पर शुरू की गई है। सभी ने पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार से मिलकर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की अपील की थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एसपी के निर्देश पर शहर के संवेदनशील क्षेत्रों—मकई चौपाटी, स्टेशनपारा, मकेश्वर वार्ड, दानीटोला, गड्ढापारा, जालमपुर, रामपुर, सोरिद डीपो पारा आदि—में पुलिस द्वारा पैदल एवं बाइक पेट्रोलिंग के माध्यम से दबिश दी जा रही है। अभियान के दौरान अब तक जिले के विभिन्न थानों में 100 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को तस्दीकी व जांच के लिए हिरासत में लिया गया, वहीं 34 बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधक कार्रवाई की गई। इनमें से 14 को जेल भेजा गया है। देर रात तक खुले रहने वाली दुकानों, जहाँ असामाजिक तत्वों की आवाजाही होती थी, उन पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर बैठने वाले संदिग्धों की पहचान कर पूछताछ की जा रही है, साथ ही नशा करने वालों, हथियार रखने वालों एवं गुटबाज़ी करने वालों को चेतावनी दी जा रही है या आवश्यकतानुसार गिरफ्तार भी किया जा रहा है।

### सिंगपुर के किसानों ने प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद स्थगित किया चक्काजाम

**धमतरी, 16 जून।** सिंगपुर क्षेत्र के किसानों द्वारा 16 जून से प्रस्तावित चक्काजाम प्रदर्शन को प्रशासनिक पहल के चलते स्थगित कर दिया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा की सक्रियता और संवादात्मक प्रयासों के बाद आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में किसानों और प्रशासन के बीच सहमति बनी, जिसके बाद किसान संघर्ष संघ ने प्रदर्शन स्थगित करने का निर्णय लिया। बैठक में कुरूद के एसडीएम नभसिंह कोशले ने किसानों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की और अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। किसान प्रतिनिधि प्रशासन के आश्वासन से संतुष्ट होकर प्रदर्शन स्थगित करने की लिखित सूचना सौंप दी। बैठक में शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, एक माह के भीतर प्रक्रिया पूर्ण कर सोसायटी शुरू कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मंजूरी मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया जारी है और एक माह में निर्माण कार्य शुरू होगा। कलेक्टर द्वारा शासन को पत्र भेज कर मांग से अवगत कराया गया है। डामरीकरण का पैचिंग कार्य शुरू किया जाएगा, जबकि चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए भारत सरकार को भेजा गया है। इसके समानांतर सुदृढ़ीकरण का नया प्रस्ताव भी शासन को भेजा जाएगा। इस मार्ग के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा चुका है। वैश्विक कमी के चलते किसानों को एनपीके जैसे विकल्पों का उपयोग करने की सलाह दी गई। बैठक में प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि सभी मांगों पर गंभीरता से कार्यवाही जारी है और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा गया है। किसान संघर्ष संघ के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के सहयोग पर संतोष जताते हुए आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। इस पहल से एक ओर जहाँ क्षेत्र में प्रशासन और जनता के बीच संवाद व विश्वास की मजबूत मिसाल कायम हुई है।

## एक नजर

### रेत खनन मामलों में लापरवाही करने पर खनि अधिकारी निलंबित

**रायपुर, 16 जून।** खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण न करने और संबंधित प्रकरणों में समुचित कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण खनिज साधन विभाग द्वारा जिला राजनांदगांव में पदस्थ खनि अधिकारी श्री प्रवीण चन्द्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, रायपुर नियत किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन

**रायपुर, 16 जून।** राज्य में लगातार बढ़ते तापमान और उमस के प्रकोप को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को मद्देनज़र बड़ा निर्णय लिया है। शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय सभी शालाएं जो 16 जून 2025 से प्रारंभ हो चुकी हैं, अब 17 जून से 21 जून 2025 तक प्रातः 7ः00 बजे से 11ः00 बजे तक संचालित की जाएंगी। यह भी शासन ने स्पष्ट किया है कि दिनांक 23 जून 2025 से सभी स्कूलों का संचालन सामान्य समयानुसार किया जाएगा।

### जिले में शाला प्रवेश उत्सव का आगाज

**महासमुंद, 16 जून।** प्रदेशभर में शिक्षा को जनांदोलन का रूप देने और प्रत्येक बच्चे को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से आज दिनांक 16 जून 2025 को शाला प्रवेश उत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महासमुंद जिले के पीएम श्री बृजराज प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल नामांकन का अवसर नहीं, बल्कि यह प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

### हम सब मिलकर बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को रोक सकते है : डॉ. एकता लंगेह

**महासमुंद, 16 जून।** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर समाजसेवी डॉ एकता लंगेह के मार्गदर्शन में आशियाना वृद्धाश्रम में वृद्धजनों संग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डा. एकता ने कहा कि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एकल या बार-बार होने वाली घटना या उचित कार्रवाई की कमी के कारण किसी भी रिश्ते में घटित हो सकती है। कई परिवारों में बुजुर्गों पर बेतहाशा अत्याचार भी होता है और वक्त के साथ सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद के साथ बुजुर्ग चुप रहते हैं। बहुत बार ऐसा होता है कि किसी बात का विरोध आदि करने पर उन्हें घर से निकाल दिया जाता है। बहुत से बुजुर्गों के साथ मारपीट तक की घटना होती है और आंखों में आंसू लेकर बुजुर्ग आसरा ढूंढते हैं। ऐसे में आशियाना की तरह का कोई आसरा मिल जाता है तो बुजुर्ग कुछ दिन और जी लेते हैं। यह हमारे संस्कार के खिलाफ है। होना तो यह चाहिए कि वृद्धाश्रम की जरूरत न पड़े। लेकिन वर्तमान में परिवार विभाजन की स्थिति को देते हुए वृद्धाश्रम बहुत जरूरी हो चुका है। यहां आकर आप सभी शांति से जीवन यापन कीजिये। यहां आपकी देखरेख में कोई कमी होती है, तो शासन प्रशासन उस कमी को पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह एक वैश्विक सामाजिक मुद्दा है जो बुजुर्गों के स्वास्थ्य और मानव अधिकारों को प्रभावित करता है। इसके लिए ध्यान देने की आवश्यकता है साथ ही शोधकर्ताओं और कानूनी नियमों के अनुसार बुजुर्गों के साथ हो रहे पांच प्रकार के दुर्व्यवहारों मसलन शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, भौतिक, शोषण, अपेक्षा और यौन हमले जैसे दुर्व्यवहारों को पहचान करने, समझने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हम सबको एक जुट होना पडेगा।

### चापड़ के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 16 जून।** मौदहापारा पुलिस ने चापड़ लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर समवेत शिखर के सामने खाली प्लाट के पास चापड़ लेकर आतंक फैलाते आरोपी रिदम इंचुरकर 20 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चापड़ जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग की विजेता टीमों को सौंपा विनर्स कप

- सीसीपीएल के फाइनल में रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीम संयुक्त विजेता घोषित
- मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-2 के समापन समारोह में हुए शामिल



**रायपुर, 16 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज यहां नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग की विजेता टीमों को विनर्स कप सौंपा। बारिश की वजह से सीसीपीएल का फाइनल मैच नहीं खेला जा सका। फाइनल में पहुंची दोनों टीमों रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि सीसीपीएल जैसे क्रिकेट टूर्नामेंट का यहां शानदार आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में हम सभी खेलों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के माध्यम से राज्य के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने का बेहतरीन मौका मिला है। इस आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ बधाई का पात्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बारिश की वजह फाइनल मैच नहीं खेला जा सका। रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया है। मैं दोनों टीमों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। यह बहुत खुशी की बात है कि मौसम खराब होने के बाद भी बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में मौजूद हैं। मैं आशा करता हूँ कि छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ इसी तरह आगे भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन करता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन 6 जून से 15 जून तक किया गया। इसमें रायपुर राइनोस, राजनांदगांव पैंथर्स, रायगढ़ लायन्स, बस्तर बाइसन्स, बिलासपुर बुल्स और सरगुजा टाईगर्स टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री के हाथों से रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीम के कप्तान अमनदीप खरे और अजय मंडल ने विनर्स कप ग्रहण किया।

# मोहड़ नदी में अवैध रेत खनन करने वाले को पुलिस ने पकड़ा



- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 16 जून।** ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। जिसे रोकने लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुचे जहां कार में 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणो से मारपीट करते हुए फायरिंग किये है। कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 अपराध धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25 ,27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवति निषाद पिता परदेशी निषाद उम्र 49 साकिन ग्राम झोला थाना अंडा जिला दुर्ग, संजय रजक पिता शंकर लाल रजक उम्र 48 वर्ष साकिन मोहड़ जिला राजनांदगांव एवं अभिनव तिवारी पिता केशर तिवारी उम्र 42 साल निवासी ग्राम सोमनी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण के विवेचना के दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपीयो के पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया है। गठित टीम द्वारा प्रकरण के घटना में संलिप्त आरोपी अतुल सिंह तोमर पिता अमूल सिंह तोमर उम्र 24 साल निवासी गायत्री विहार कॉलोनी , पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म0प्र0) को हिरासत में लेकर थाना लाया गया।



### सीएम साय से बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 16 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद एवं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष श्री राजीव शुक्ला ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री राजीव शुक्ला का कोसा वस्त्र एवं बेल मेटल से निर्मित स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में क्रिकेट सहित अन्य खेलों को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में खेल अधोसंरचना के विस्तार एवं खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अवसर दिलाने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षा का निजीकरण: शत्रुहन सिंह साहू

**धमतरी, 16 जून।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ से संबद्ध ओबीसी संयोजन समिति की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आज गंगरेल बोटिंग प्वाइंट में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चौथराम, बल्दू साहू और राम बिशाल ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने संगठनात्मक विस्तार की घोषणा करते हुए सतवंत महिलांग को राष्ट्रीय महासचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में युक्तियुक्तकरण नीति को लेकर अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने तीखा विरोध जताते हुए कहा कि यह नीति शिक्षा के निजीकरण का एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिससे प्राइवेट स्कूलों को लाभ पहुंचाने और बहुसंख्यक समाज के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने अब तक 10463 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिए हैं, जिससे करीब 45000 शिक्षक, सहायक शिक्षक और व्याख्याता अतिशेष की श्रेणी में आ गए हैं।

# राज्य खेल अलंकरण वर्ष 2023-24 एवं 24-25 के लिए आवेदन 26 जून तक आमंत्रित

- खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान

**रायपुर, 16 जून।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान सहित मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि एवं डाइट मनी से सम्मानित किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए हैं, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु योग्य आवेदकों से 26 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने यह भी बताया कि खिलाड़ियों को यदि एक से अधिक पुरस्कार हेतु आवेदन करना है, तो उन्हें प्रत्येक के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# हमारे जीवन के लिए जल को सुरक्षित करना है: रमन

- विधानसभा अध्यक्ष पानी बचाओ महाभियान, नीर और नारी जल यात्रा में हुए शामिल
- विधानसभा अध्यक्ष ने जल संरक्षण के लिए नागरिकों से किया आह्वान

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 16 जून।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गांधी सभागृह में आयोजित पानी बचाओ महाभियान, नीर और नारी जल यात्रा में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विगत तीन माह से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए नीर और नारी जल यात्रा का सघन अभियान चलाया गया, जिसका आज समापन है। पद्म फुलबासन बाई यादव के नेतृत्व में बढ़ते हुए तापमान में भी गांव की गलियों तक पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए संघर्षपूर्ण कार्य किया गया। पद्म फुलबासन बाई यादव में ऐसा चमत्कार एवं जीवटता है। उनका नाम राजनांदगांव जिले से जुड़ा है और यहां की मिट्टी से जुड़ा है। गरीबी के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत से समाज के लिए अपनी सेवाएं समर्पित की। यही वजह है कि समाज के लिए उनके कर्तव्य एवं समर्पण से एक विशेष पहचान बनी है। जल संरक्षण के लिए जनजागरण हेतु उनके प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि जल अमूल्य है और जीवन में इसकी अहम भूमिका है। आज के समय में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है और पानी का दुरूपयोग हो रहा है। पानी का जल स्तर 400 फीट तक नीचे चला जा रहा है। राजस्थान जैसी भयावह स्थिति से बचने के लिए हमें जल की चिंता करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर 97 प्रतिशत पानी समुद्र में है, जो खारा पानी है और उसका उपयोग नहीं किया जा सकता। केवल 3 प्रतिशत पानी में से 2.4 प्रतिशत ग्लेशियर के रूप जमा हुआ है एवं 0.6 प्रतिशत पानी नदियों, झीलों एवं तालाबों में है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग पेयजल के तौर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 100 में से पेयजल के लिए मात्र 0.1 प्रतिशत है। जिसे भी हम प्रदूषित कर रहे हैं। यह 0.1 प्रतिशत पानी ही हम सभी सभी के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में जल एवं हवा दोनों महत्वपूर्ण है। पृथ्वी में उपलब्ध 0.1 प्रतिशत जल को हमारे जीवन के लिए सुरक्षित रखना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बताया कि केन्द्रीय मंत्री के रूप में वे ईजराइल भ्रमण पर गये थे, वहां रेत ही रेत है और समुद्र का खारा पानी है। इजराइल में 650 किलोमीटर दूर स्थित जार्डन लेक रिवर से पंप के माध्यम से पानी खींचकर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ईजराइल ही ऐसा देश है, जहां पानी नहीं होने के बावजूद पंप से पानी लेकर खेती की जा रही है। आज ईजराइल दुनिया में एक बड़ा सब्जी का उत्पादक देश है। रिसायकल, रिचार्जिंग के माध्यम से पानी का उपयोग किया जा सकता है। जिले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जल संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है।

## संपादकीय

# दो समाप्त नहीं हुए तीसरा युध्द शुरू

देश के लोग तो शांति चाहते हैं, वह शांति से रहना चाहते है,देश के लोग युध्द नहीं चाहते है, युध्द देश के नेताओं की गलत नीति के कारण होते हैं। इससे दो देशों के लोग तो प्रभावित होते हैं, साथ ही विश्व के कई देशों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। विश्व की अर्थव्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ता है, महंगाई, बेरोजगारी बढ़ती है। सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ता है। हजारों लोग मारे जाते हैं, हजारों घायल होते हैं। इजराइल-हमास के बीच युध्द चल ही रहा था कि इसका बुरा परिणाम भी दुनिया के देश देख रहे थे, इसको समाप्त कराने प्रयास भी चल रहे थे,यह समाप्त नहीं हुआ और रूस व यूक्रेन के बीच युध्द शुरू हो गया। इन दोनों युध्दों को एक साल से ज्यादा हो गया है, इससे दोनों देश के लोग प्रभावित हुए हैं, दोनों देशों के लोग मारे गए हैं। शहर के शहर तबाह हो गए हैं। लेकिन दोनों देशों के नेताओं के कारण युध्द चल रहा है तो चल रहा है। उम्मीद की जा रही थी कि डोनाल्ड ट्रंप के अमरीका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद हमास-इजराइल व रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युध्द समाप्त करा दिया जाएगा, ट्रंप ने वादा भी किया था लेकिन उनके राष्ट्रपति बनने के एक माह बाद भी दोनों देशों के बीच युध्द समाप्त नहीं हुआ है। कुछ बड़े देशों ने इस दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच युध्द कराने का साजिश की थी यह भारत के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण सफल नहीं हुआ। मिडिल इस्ट में ईरान व इजराइल के बीच युध्द शुरू हो गया है। इसके लिए भी अमरीका जिम्मेदार है। वह चाहता है कि ईरान अपना परमाणु बम बनाने का कार्यक्रम स्थगित कर दे। ईरान ऐसा कर नहीं रहा था,ऐसे में अमरीका ने इजरायल का उपयोग ईरान के खिलाफ किया है। ईरान खुद को परमाणुशक्ति संपन्न देश बनाना चाहता है ताकि वह मुसलमान देशों में अपना दबदबा बढ़ा सके। इजराइल भी अमरीका की तरह इसके खिलाफ है क्योंकि उसे डर है कि ईरान परमाणु बम का उपयोग यहुदियों के विनाश के लिए कर सकता है। हर देश की अपनी ख्वाहिश है, वह अपनी ख्वाहिश पूरी करना चाहते हैं, पर कोई युध्द के नुकसान के बारे में गंभीरता से नहीं सोच रहा है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आप अपने घर का निर्माण कार्य शुरू कर सकते हैं और आपको सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप लेनदेन थोड़ा सोच समझकर करें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का प्रेम और प्रगाढ़ होगा। साथी से कोई वादा कर सकते हैं। आपको कुछ दोगले लोगों से बचने की आवश्यकता है, क्योंकि वह आपके कामों में विघ्न डालने की कोशिश करेंगे।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचने के लिए रहेगा। आपके ऊपर काम का प्रेशर थोड़ा अधिक रहेगा, लेकिन फिर भी आप निर्णय सोच समझकर ही लें। कार्यक्षेत्र में आपको अपने जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। आप अपने परिवार में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचें, नहीं तो बेवजह के वाद विवाद खड़े हो सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में बदलाव लाने के लिए रहेगा, क्योंकि आपके मनमाने व्यवहार के कारण परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे। आपको अपने बॉस से रिश्तों को बेहतर करने की आवश्यकता है, तभी वह आपका प्रमोशन कर सकते हैं। आप अपने जीवनसाथी से काम को लेकर कोई वादा कर सकते हैं। आप उनके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। किसी कानूनी मामले में जीत मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में कुछ कामों को लेकर उथल-पुथल लगी रहेगी, जिससे आपका एक भी काम समय से नहीं हो सकेगा। आप जितनी मेहनत करेंगे, आपको उतना फल न मिलने से थोड़ी निराशा होगी, लेकिन आपको उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। माता जी का कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है। आपको शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट किसी के कहने में आकर करने से बचना होगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। ससुराल पक्ष से भी आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। बिजनेस की योजनाओं में भी आप अच्छा खासा धन लगा सकते हैं। आपका कोई नया घर खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है, लेकिन आपको कोई भी बात थोड़ा सोच समझकर बोलनी होगी। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपको अपने पारिवारिक मामलों पर थोड़ा ध्यान देना होगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई वाद-विवाद चल रहा है, तो उसमें आप वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से कोई निर्णय लें। आप अपने बिजनेस के काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत पर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको निराशा हाथ लगेगी, इसलिए आपको थोड़ा सोच समझकर चलना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में मन मुताबिक काम ना मिलने से आपको टेंशन भी अधिक रहेगी। आपको अपने किसी पिछले लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है। आप किसी से कोई लेनदेन आंख मूंदकर ना करें कोई अजनबी आपको धोखा दे सकता है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की प्लानिंग कर सकते हैं, जिसमें आपके पिताजी से सलाह की आवश्यकता होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में थोड़ा कमजोर रहने वाला है। जो विद्यार्थी कहीं बाहर जाकर पढ़ाई करने की सोच रहे हैं, तो उनके मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके पास पड़ोस में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें। आप यदि किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपका वह काम पूरा हो सकता है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई डील फाइनल होगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी सोच समझ से कामों को पूरा करने की आवश्यकता है। आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर आप अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपकी तरक्की देखकर आपके नए शत्रु उत्पन्न होंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो आप थोड़ा सावधानी बरतें, क्योंकि कोई दुर्घटना हो सकती है। भाई व बहन कामों में आपका पूरा साथ देंगे।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आपकी संतान की कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं। माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगी, क्योंकि वह आपको कोई जिम्मेदारी देंगे, जिसे आप पूरा करने में ढील दे सकते हैं। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी। आप अपने रिश्ते को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। धन को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होती दिख रही है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपकी कोई बिजनेस डील अटकी हुई थी, तो फाइनल करने की पूरी कोशिश करेंगे। पार्टनरशिप में आपको आपको थोड़ा नुकसान हो सकता हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ आदि का आयोजन भी कर सकते हैं। आप किसी से बातचीत बहुत ही सोच समझकर करें।

**मीन** आज आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है, लेकिन आपके कामों में कुछ व्यवधान आएंगे। आप अपने काम को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह अवश्य लें। पिताजी का कोई पुराना रोग उभर सकता है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा। आपको खर्च थोड़ा लिमिट में करने की आवश्यकता है। आप संतान की पढ़ाई को लेकर उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं, लेकिन वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

## समसामयिक

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी !

**नितिन गडकरी**



साल 2014 में जब नरेन्द्रा मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्चर प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है। पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण - ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्सन की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्रस मोदी भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्सत की लागत को 16% से घटाकर 10% कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9% पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90% काम पूरा हो चुका है। भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग



इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्था यी समस्याव को हल करने में महत्वपूर्ण होगा। नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ़ 30 सेकंड के लिए रुकेगी। ऐसा काम केवल दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की ज़रूरत होती है!

सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येपक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9% और कार की बिक्री में 10.4% की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोज़गार के कई अवसरों का भी सृजन किया है । कुछ ध्यान देने योग्य आँकड़ेः 2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60% बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर/दिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर/दिन हो गई है। 5.35 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्से की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। 'गति शक्ति' और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएँ शुरू की गई हैं। 2014 में शुरू हुआ ये सफ़र केवल सड़कों का नहीं है; बल्कि एक तरह से ये भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गया है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है, बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ावा दिया है। पहले दिन से ही हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रही है कि समावेशी विकास समाज की अंतिम कतार में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचे। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेज़ गति से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट विजन मौजूद है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके। "अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं।" पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन, जो दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय में और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तो वहां लगा हुआ था, यह संयोगवश नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है। हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा - यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।"

**(लेखक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं)**

## चर्चित मुद्दा

**तनवीर जाफ़री**

# नतीज-ए-जिहाद : जैसा इराक़ में देखा

इराक़ के बग़दाद,नजफ़ ,बेबीलोन, करबला, मौसूल व सामरा जैसे कई ऐतिहासिक शहरों का भ्रमण करने का पिछले दिनों सौभाग्य प्राप्त हुआ। यही वह इराक़ था जहाँ आई एस आई एस जैसे दुर्दांत आतंकी



संगठन ने लाखों शियाओं ,यज़ीदी व ईसाई समुदाय के लोगों तथा उनकी विचारधारा का समर्थन नहीं करने वाले स्थानीय उदारवादी सुन्नियों को निशाना बनाया और बेरहमी से हत्याएं कीं। हाथों में काले रंग का इस्लामी कलमा लिखा झंडा लेकर इन्हीं राक्षसों ने यज़ीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं और बच्चों का अपहरण किया उनसे यौन दासता कराई और जबरन सैन्य भर्ती के लिए उन्हें अपना निशाना बनाया। 2014 से 2019-20 के मध्य का यह वही दौर था जबकि आई एस आई एस द्वारा अपहृत लोगों को एक लाइन से खड़ा कर गोली मारने या तलवार से उनके सिर क़लम करने जैसी भयावह वीडिओ दुनिया को भयभीत करने के लिये सार्वजनिक की जाती थी और इस्लाम को क्रूरता के पर्याय के रूप में साज़िशन पेश किया जाता था। आई एस आई एस अर्थात इस्लामिक स्टेट ऑफ़ इराक़ एंड सीरिया का मक़सद इराक़ और सीरिया में सख़्त शरिया क़ानूनों पर आधारित एक इस्लामिक ख़लीफ़ा स्थापित करना था। इराक़ी आतंकवादी अबू बक्र अल-बग़दादी इस्लामिक स्टेट (आईएस) का संस्थापक नेता था। उसने 2014 में स्वयं को ख़लीफ़ा घोषित किया था। इसका लक्ष्य इराक़ और सीरिया में बड़े क्षेत्रों पर क़ब्ज़ा कर वहां अपनी कट्टरपंथी विचारधारा के आधार पर शासन स्थापित करना था। उस दौरान आई एस आई एस ने उन समुदायों को निशाना बनाया, जिन्हें वे "काफ़िर " या "अपवित्र" मानते थे। उन्होंने इसका उद्देश्य क्षेत्र को "शुद्ध" करना बताया था, जिसमें शिया मुसलमानों, यज़ीदी, ईसाई, और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना शामिल था। दरअसल आई एस आई एस ने अल-क़ायदा से अलग होकर वैश्विक जिहादी आंदोलन में नेतृत्व हासिल करने की कोशिश की थी । उसने विदेशी लड़ाकों को भर्ती किया और अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए प्रचार तंत्र का उपयोग किया। आई एस ने इराक़ और सीरिया में उस समय के सांप्रदायिक तनावों और तत्कालीन कमज़ोर शासन का फ़ायदा उठाया, विशेष रूप से अल्पसंख्यक सुन्नी समुदाय की उन शिकायतों व समस्याओं को भुनाया जो शिया-प्रधान सरकारों से नाख़ुश थे।आई एस की क्रूरता से भरे उस दौर में आने वाले वीडिओज़ पूरे विश्व में इस्लाम की छवि को धूमिल कर रहे थे। और सशस्त्र आई एस बग़दाद पर लगभग पूर्ण नियंत्रण हासिल कर चुकने के बाद सामरा व मोसूल जैसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों पर क़ब्ज़ा जमाते हुये भारी बमबारी व हत्याएं करते हुये करबला और नजफ़ पर अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ा चुका था। इसी बीच शिया इस्लाम के प्रमुख धार्मिक विद्वानों में से एक आयतुल्लाह अली अल-सीस्तानी, जोकि उस समय इराक के नजफ़ में ही रहते थे, ने 2014 में आई एस के विरुद्ध 'जिहाद' शुरू करने का फ़तवा जारी कर दिया। इस फ़तवे में आयतुल्लाह सीस्तानी ने सभी इराक़ी नागरिकों, विशेष रूप से शिया समुदाय, से आई एस के विरुद्ध हथियार उठाने और देश की रक्षा करने का आह्वान किया। आयतुल्लाह ने सुन्नी समुदाय को भी इस लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसे "वाजिब किफ़ायी" (सामूहिक कर्तव्य) जिहाद के रूप में वर्णित किया। जिसका अर्थ था कि यह हर सक्षम व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह देश और धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए तब तक लड़े, जब तक कि पर्याप्त संख्या में लोग इस कर्तव्य को पूरा न करें। आयतुल्लाह सीस्तानी ने अपने फ़तवे में कहा कि आई एस के विरुद्ध लड़ना न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि इराक़ की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी यह नितांत आवश्यक है। उन्होंने जिहादी स्वयंसेवकों से इराक़ी सुरक्षा बलों में शामिल होने और आतंकवादियों के ख़िलाफ़ लड़ने



का आग्रह किया। आई एस के विरुद्ध जिहाद के इस फ़तवे के परिणामस्वरूप लाखों इराक़ी , विशेष रूप से शिया युवा स्वयंसेवक के रूप में सामने आए और पॉपुलर मोबिलाइज़ेशन फोर्सेज़ पी एम एफ़ या हशद अल-शाबी का गठन हुआ। पी एम एफ़ ने इराक़ी सेना के साथ मिलकर आई एस के विरुद्ध तिकरित, फलूजा, और मोसुल की मुक्ति कराने जैसी कई महत्वपूर्ण लड़ाइयों में हिस्सा लिया। आयतुल्लाह सीस्तानी ने पी एम एफ़ और अन्य लड़ाकों को यह निर्देश दिया कि वे युद्ध के दौरान क्रूरता या बदले की भावना से काम न करें, बल्कि इस्लामी नैतिकता और क़ानून का पालन करें। आयतुल्लाह सीस्तानी का जिहाद का आह्वान रक्षात्मक प्रकृति का था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जिहाद आक्रामक नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और धार्मिक स्थलों, जैसे नजफ़ और करबला में पवित्र रौज़ों की रक्षा के लिए था। उन्होंने यह भी ज़ोर दिया कि लड़ाई में शामिल लोगों को मानवाधिकारों और युद्ध के इस्लामी नैतिक नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे कि किसी गैर-लड़ाकों को नुक़सान न पहुंचाया जाये। इस दौरान सीस्तानी ने अपने संदेशों में बार-बार शिया-सुन्नी एकता पर बल दिया और कहा कि आई एस न केवल शिया समुदाय, बल्कि सभी इराक़ियों और मानवता व इस्लाम के लिए ख़तरा है। आई एस ने 2014-15 में इराक़ और सीरिया में अपने क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में यज़ीदी, ईसाई, और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की हज़ारों महिलाओं और लड़कियों को भी अग़वा किया था। ख़ासकर अगस्त 2014 में सिंजार पर हमले के दौरान लगभग 7,000 यज़ीदी महिलाओं और लड़कियों को बंधक बनाया गया था। इनमें से कई को "सेक्स स्लेव" के रूप में बेचा गया अनेक को सामूहिक बलात्कार का शिकार बनाया गया व क्रूर यातनाएं दी गईं। इस दौरान पी एम एफ़ द्वारा कई यज़ीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं को आई एस की क़ैद से छुड़ाया गया। पी एम एफ़ ने मोसुल के आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विशेष रूप से तल अफ़ार जैसे क्षेत्रों में, जहां यज़ीदी महिलाओं को क़ैद में रखा गया था। पी एम एफ़ ने तिकरित, फ़ालुजा, और रामादी जैसे शहरों में भी आई एस के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए। इन अभियानों के दौरान भी बंधक बनाई गई महिलाओं को मुक्त कराया गया। हालांकि यज़ीदी समुदाय की अधिकांश महिलाएं सीरिया के रक्का जैसे क्षेत्रों में ले जाई गई थीं, जहां उनकी मुक्ति के लिए अलग-अलग प्रयास किए गए। आई एस ने महिलाओं को गुलाम बाज़ारों में बेचा, और कई को सीरिया के रक्का और अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया। जिहाद के फ़तवे में पॉपुलर मोबिलाइज़ेशन फोर्सेस (पी एम एफ़) को यह निर्देश भी दिया गया था कि वे समस्त अपहृत महिलाओं को क्रूर आई एस के चंगुल से चाहे संघर्ष कर उन्हें मुक्त करायें या उन गुलाम बाज़ारों से ख़रीद कर उन्हें मुक्त कराकर उन्हें सुरक्षित व ससम्मान उनके घरों तक पहुंचाएं। और 'जिहादियों' द्वारा वैसा ही किया गया। आज पूरे इराक़ में जहाँ आई एस के ज़ुल्म व बर्बरियत के निशान के रूप में जगह जगह खंडहर व विध्वंस दिखाई देता है वहीं वातविक जिहाद के परिणाम की गवाही इराक़ में वापिस लौटी शांति और वहां के धर्मस्थलों पर सभी धर्मों व विश्वास के लोगों के 24 घंटों लगातार आने वाले लाखों लोगों के जन समुद्र से फैली रौनक़ दे रही है। मैंने स्वयं देखा है कि आज भी उस समय के अनेक शहीद जिहादी, लाशों की शिनाख़्त होने के बाद प्रतिदिन नजफ़ में हज़रत अली के रौज़े पर और करबला में हज़रत इमाम हुसैन के रौज़े पर ताबूत में रखकर लाये जाते हैं और इन रौज़ों की परिक्रमा के बाद और नजफ़ स्थित विश्व के सबसे बड़े क़ब्रिस्तान वादी अल-सलाम में द!किये जाते हैं।

पूरे इराक़ में राजमार्ग पर जिहाद के दौरान अपनी जान देने वाले शहीदों के हज़ारों चित्र खम्बों व छ्रेक्स के रूप में लगे मिलेंगे। पूरा इराक़ उन शहीदों को इसतरह श्रद्धांजलि भेंट कर रहा है। यह भी पता चलता है इराक़ जैसे देश की तरक़्क़ी व वहां की धार्मिक व सामुदायिक एकता आख़िर पश्चिमी देशों की नज़रों में क्यों खटकती रहती है। कुछ ऐसा था नतीज-ए-जिहाद, जैसा मैंने इराक़ में देखा।

## सेहत

# हर महिला को पता होना चाहिए मेंस्ट्रुअल हाइजीन से जुड़ी ये बातें,

महिलाओं को खुद को पीरियड्स के बारे में सही जानकारी नहीं होती है। जैसे पैड कितने घंटे में बदलना चाहिए, इन दिनों में सुस्ती, थकान या चिड़चिड़ापन क्यों महसूस होता है, पेट क्यों खराब हो जाता है या तेज दर्द क्यों होता है। ऐसे में आज हम इन्हीं सबके बारे में जानेंगे। पीरियड्स को लेकर महिलाओं के मन में ऐसे बहुत सवाल होते हैं, जो वह पूछने से कतराती हैं। यह महिलाओं में हर महीने होने वाला एक नॉर्मल बॉयोलॉलिजक प्रोसेस है। जोकि कंसीव के लिए जरूरी है। हालांकि हमारे समाज के कुछ हिस्सों में आज भी इसको एक टैबू के रूप में देखा जाता है। वहीं सवाल न पूछ पाने के कारण महिलाओं को खुद को पीरियड्स के बारे में सही जानकारी नहीं होती है। जैसे पैड कितने घंटे में बदलना चाहिए, इन दिनों में सुस्ती, थकान या चिड़चिड़ापन क्यों महसूस होता है, पेट क्यों खराब हो जाता है या तेज दर्द क्यों होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम इन्हीं सारी चीजों के बारे में जानेंगे।

**पीरियड्स के दिनों में सेक्शुअल रिलेशन**-एक्सपर्ट बताते हैं कि पीरियड्स के दिनों में सेक्शुअल रिलेशन बनाने से प्रेग्नेंसी की संभावना काफी कम होती है। इसका मतलब यह नहीं होता कि आप प्रेग्नेंट नहीं हो सकती हैं। हालांकि इस समय में कंडोम का अन्य किसी कॉन्ट्रासेप्शन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए।

**कितने घंटों में पैड बदलना चाहिए**-पीरियड्स के दौरान सही हाइजीन मेंटेन करना बहुत जरूरी होता है। आपको हर 4-5 घंटे में पैड बदलना चाहिए, वरना इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। वहीं अगर फ्लो कम भी आ रहा है, तब भी पैड बदलते रहना चाहिए।

**पेट खराब होना**-पीरियड्स के दौरान शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के लेवल में उतार-चढ़ाव होता है। इस समय पर कुछ महिलाओं को कब्ज हो जाती है। वहीं, कुछ महिलाओं को लूजमोशन हो सकते हैं। ऐसा प्रोस्टाग्लैंडीन में बदलाव की वजह से भी होता है।

**पीरियड्स के मूड स्विंग**-एक्सपर्ट की मानें, तो पीरियड्स से पहले एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कम हो जाता है। साथ ही हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन का लेवल भी बदलता है। वहीं अगर आपको पहले से तनाव है, तो बॉडी में कोर्टिसोल का लेवल भी बढ़ा होता है। जिस कारण बिना बात के रोना, चिड़चिड़ाना और गुस्सा आना जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

**पीरियड्स में पैड या मेंस्ट्रुअल कप**-आजकल महिलाएं पीरियड्स के दौरान मेंस्ट्रुअल कप का इस्तेमाल कर रही हैं, यह पैड की तुलना में कई वजह से बेहतर माना जाता है। इससे इंफेक्शन की संभावना कम होता है.

## सू-दोकू 79

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## एक नजर

### बिलासपुर जोनल स्टेशन में बढ़ेगी प्लेटफॉर्म की संख्या

**बिलासपुर, 16 जून।** जोनल स्टेशन में चार नए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। इनमें से नौ और 10 का निर्माण कार्य जारी है। वहीं भविष्य में दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म बनाने का फैसला लिया गया है, जिनकी मदद से झारसुगुड़ा की ओर से आने वाली ट्रेनें प्लेटफॉर्म नौ, 10 और 11 से होकर रेल ओवर मार्ग से गुजरते हुए उसलापुर रवाना होंगी। यह योजना स्टेशन पर क्रॉस मूवमेंट की समस्या को कम करेगी और रेल संचालन में गति और कुशलता लाएगी। इसके साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ट्रेनों की समयबद्धता में भी सुधार होगा। वर्तमान में बिलासपुर स्टेशन पर आठ प्लेटफॉर्म कार्यशील हैं। प्लेटफॉर्म एक पर प्रतिदिन आठ दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ नौ साप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक और त्रिसाप्ताहिक ट्रेनों का संचालन होता है। लगभग एक डेढ़ साल पहले दुर्ग व रायपुर से कटनी की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनें, जो कि प्लेटफॉर्म एक से संचालित होती थीं, उन्हें उसलापुर स्थानांतरित किया गया था। बिलासपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म एक-पांच से थ्रू ट्रेनों का संचालन होता है। क्रॉस लाइन से मेन लाइन पर आने के लिए ट्रेनों को कई पॉइंट और क्रॉसिंग पार करनी पड़ती है, जिसमें समय लगता है।

### जनशताब्दी एक्सप्रेस में युवक की हार्टअटैक से मौत

**रायपुर, 16 जून।** जनशताब्दी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। यह घटना सुबह लगभग 11 बजे की है, जब ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची और युवक का शव प्लेटफॉर्म पर उतारा गया। इस घटना की रेलवे सुरक्षा बल (त्रक्क्न) ने तुरंत सरकारी रेलवे पुलिस (त्रक्क्) को सूचना दी, लेकिन शव करीब तीन घंटे तक प्लेटफॉर्म पर ही पड़ा रहा, जिससे जीआरपी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक की उम्र लगभग 35 साल बताई जा रही है, हालांकि उसके पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल फोन नहीं मिला है। शिनाख्त की कोशिशों के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रेलवे नियमों के अनुसार, ट्रेन में हुई मौत की स्थिति में शव नजदीकी स्टेशन पर उतारा जाना चाहिए और उसे जीआरपी द्वारा तत्काल कब्जे में लिया जाना चाहिए था। लेकिन इस मामले में अनावश्यक देरी और प्रक्रिया की अनदेखी सामने आई है। फिलहाल जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही है। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करती है, बल्कि सिस्टम में संवेदनशीलता की कमी भी उजागर करती है।

### जिले में 1 जून से अब तक 236.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर, 16 जून।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 236.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 16 जून तक की स्थिति में 394.7 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 18.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 39.2 मिमी, मनोरा में 46.0 मिमी, कुनकुरी में 26.0 मिमी, दुलदुला में 0.0 मिमी, फरसाबहार में 24.1 मिमी, बगीचा में 12.2 मिमी, कांसाबेल में 13.7 मिमी, पत्थलगॉव में 20.7 मिमी, सन्ना में 31.5 मिमी एवं बागबहार में 23.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

### पुलिस कार्यप्रणाली में उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह होगी सरल हिंदी:शर्मा

**महासमुंद , 16 जून।** प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जन सुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भासाओ के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए।

# युवा हमारे भविष्य के नागरिक, उन्हें करियर बनाते समय देश की चिंता करनी पड़ेगी: साव

- पाश्चात्य जीवन शैली बेहद खतरनाक, इसका त्याग भारत के भविष्य के लिए जरूरी है



**बिलासपुर, 16 जून।** युवा ही वह शक्ति है, जो दुनिया को अपने इशारों पर चला सकती है। देश की युवा शक्ति अनुशासित होगी, शिक्षित होगा, तभी वह देश-दुनिया में आगे बढ़ सकेगा। निश्चित ही भारत आज उस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह बात उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कही। श्री साव ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि, हमारे युवा भविष्य के नागरिक है। आने वाले समय में इन्हीं युवाओं के हाथों में देश का बागडोर होगा, इसलिए उन्हें भविष्य की समस्याओं पर चिंता करनी होगी। आज उन्हें शुद्ध पेयजल और पर्यावरण की चिंता करनी होगी। उन्होंने कहा कि, मोदी जी ने देश में स्वच्छता का बड़ा अभियान चलाया। जब तक हम में स्वच्छता का संस्कार नहीं आएगा तो यह देश आगे नहीं बढ़ सकेगा। करियर बनाते समय देश की चिंता करनी पड़ेगी।

श्री साव ने कहा कि, पाश्चात्य जीवन शैली बेहद खतरनाक है। इसे त्यागना होगा। उन्होंने सभी छात्रों को भारतीय सनातन परंपरा, संस्कार और संस्कृति को लेकर आगे बढ़ने की सीख दी। गौरतलब है कि, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एलसीआईटी पब्लिक स्कूल, बिलासपुर के युगांतर यूथ समिट में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में श्री साव ने कहा कि, युगांतर यूथ समिट एक प्रेरणादायक आयोजन है, इसमें युवाओं की ऊर्जा, विचारशीलता और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखकर गर्व हुआ। श्री साव ने कहा कि, युवा शक्ति ही भारत का भविष्य है, और ऐसे मंच उनके नेतृत्व कौशल एवं सामाजिक जागरूकता को सशक्त करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला जी, डॉ देवेंद्र कौशिक जी, राजेश सिंह जी, स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### दो हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की

**महासमुंद, 16 जून।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा रायपुर के नवीन सर्किट हाउस, सिविल लाइंस में आज आयोजित चेक वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीएम साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर श्रमिकों, विद्यार्थियों और महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और तत्परता के साथ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महासमुंद जिले के तीन हितग्राहियों को राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की।

# एनएमडीसी भर्ती में स्थानीय अभ्यर्थियों को बोनस अंक देने के लिए खदान मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 16 जून।** एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा जारी हालिया भर्ती विज्ञापन के संबंध में खदान मजदूर संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ), शाखा किरंदुल ने स्थानीय युवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्थानीय अभ्यर्थियों को 20 अंक बोनस दिए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम एक ज्ञापन किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही को सौंपा। ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्य के कैबिनेट मंत्री एवं दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री, बस्तर सांसद, दंतेवाड़ा विधायक, कलेक्टर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद द्वारा जारी विज्ञप्ति के तहत आर.एस.-01 के 221 पद एवं आर.एस.-02 के 276 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। खदान मजदूर संघ का आग्रह है कि इन पदों पर नियुक्ति के लिए बस्तर संभाग के शैक्षणिक संस्थानों से कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 20 अंकों का अतिरिक्त बोनस दिया जाए। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी, उपेन्द्र त्रिपाठी, सुधा बाघ, सूरमा दास, दिव्या चुन्नम एवं नितेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संघ ने बताया कि किरंदुल एवं बचेली परियोजनाओं में भर्ती पूर्व स्थानीय अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने की परंपरा रही है, जो सराहनीय है। लेकिन पूर्व की भर्तियों में यह देखने में आया कि प्रशिक्षण में पूछे जाने वाले प्रश्न व्यापक रूप से सोशल मीडिया और यूट्यूब के माध्यम से वायरल हो गए, जिससे प्रशिक्षण की निष्पक्षता और उद्देश्य पर सवाल उठे।

# धरती आबा कार्यक्रम अंतर्गत शिविर 17 जून से प्रारंभ

- कलेक्टर लंगेह ने की समीक्षा
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ली समीक्षा बैठक

**महासमुंद, 16 जून।** जिले में आदिवासी विकास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, तथा सहायक आयुक्त श्रीमती शिल्पा साय आदिवासी विकास विभाग उपस्थित रहे। इस दौरान सभी जनपद सीईओ एवं मंडल संयोजकों को शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर यह भी निर्देशित किया गया कि शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन हो, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी लाभ मिल सकें। यह शिविर पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएंगे और इनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति से संबंधित जानकारी दी और अपने क्षेत्रों में शिविर आयोजन की तैयारियों को साझा किया।

कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने ÷धरती आबा÷ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि कल 17 जून से प्रारंभ हो रहे शिविरों का आयोजन समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किया जाए।

जनपद स्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में शिविरों की निगरानी स्वयं करें एवं हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित करें। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने मंडल संयोजकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दस्तावेज और योजनाओं की जानकारी शिविर स्थल पर उपलब्ध होनी चाहिए। हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पूर्व से सूचना प्रचार-प्रसार कराया जाए।

उल्लेखनीय है कि जिले के 306 ग्रामों के जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने जागरूकता व लाभ शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में पहले दिन 17 जून को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम रुमेकेल, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम टेढ़ीनारा, पिथौरा अंतर्गत गोपालपुर में एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डूडूमचुंवा में शिविर लगाया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और डिप्टी सीएम साव ने 39 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का किया भूमिपूजन

- सरकंडा खेल परिसर में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए की घोषणा
- उप मुख्यमंत्री साव ने अतिरिक्त 10 करोड़ रुपए देने की घोषणा की



**रायपुर, 16 जून।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने आज सरकंडा खेल परिसर में आयोजित समारोह में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 39 करोड़ 04 लाख रुपए से अधिक लागत के 20 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इन कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि अतिरिक्त देने की भी घोषणा की। इनमें इन प्रमुख रूप से कोनी मंगला में 24 करोड़ 27 लाख की लागत से लोधीपारा सरकंडा कोनी मार्ग के अरपा नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य और पौंसरा में पांच करोड़ 18 लाख की लागत से सेलर पौंसरा मार्ग में खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल, सामुदायिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल है। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने की।

### देश को आगे बढ़ा रहे हैं प्रधान सेवक मोदी: संजय पाण्डेय

**जगदलपुर, 16 जून।** प्रधान सेवक यानि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित, समृद्ध बनाने और देशवासियों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। वहीं जगदलपुर का सौभाग्य है कि शहर को मेयर संजय पाण्डेय के रूप में एक सच्चा सेवक मिला है, जो शहर को सुंदर, स्वच्छ और विकसित बनाने तथा जन समस्याओं को दूर करने के लिए अल सुबह से देर रात तक मैदान पर डटे रहते हैं। मेयर संजय अल सुबह से शहर की गली कूंचों में पहुंचकर जन समस्याओं का खुद जायजा लेते हैं।

## समाचार संक्षेप

### पत्नी की हत्या के मामले में शिक्षक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नारायणपुर/ओरछा, 16 जून।** नारायणपुर जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक शिक्षक ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना ओरछा थाना क्षेत्र की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 5 बजे मृतक सुंदरी उसेंडी अपनी बेटी सुमित्रा के साथ अपने मायके जबगुड़ा से ओरछा लौट रही थीं। रास्ते में उनके पति और आरोपी शिक्षक रूपसिंग उसेंडी ने अपने भाई के साथ मिलकर उन्हें रोका।

बताया जा रहा है कि पहले उन्होंने सुंदरी के साथ मारपीट की और फिर धारदार हथियार से उनका गला रेत दिया। वारदात से पहले आरोपी ने सुमित्रा को मौके से भाग जाने के लिए कह दिया था। मृतक सुंदरी उसेंडी आरोपी शिक्षक रूपसिंग उसेंडी की दूसरी पत्नी थीं। उनके दो बच्चे हैं, एक 12 वर्षीय बेटी और एक 8 वर्षीय बेटा। जानकारी के अनुसार, आरोपी शिक्षक की कुल चार पत्नियां हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी कुछ समय से नारायणपुर की एक विधवा के साथ रह रहा था, जिस पर सुंदरी उसेंडी को आपत्ति थी और वह अक्सर इस बात पर झगड़ा करती थीं। इसी विवाद से परेशान होकर आरोपी ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। यह भी बताया गया है कि सुंदरी उसेंडी पिछले कुछ महीनों से आरोपी शिक्षक से अलग रह रही थीं।

उन्होंने पहले भी आरोपी शिक्षक के खिलाफप्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद न्यायालय ने पति को प्रतिमाह 10,000 रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए ओरछा अस्पताल भिजवा दिया है। आरोपी ने फोन पर पुलिस से संपर्क किए जाने पर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है।

### कोलंबिया कॉलेज की गलत लोकेशन और भेदभावपूर्ण प्रबंधन पर उठे सवाल

**रायपुर, 16 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) की परीक्षा आयोजित की गई, लेकिन परीक्षा केंद्र को लेकर अभ्यर्थियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। परीक्षा केंद्र कोलंबिया कॉलेज, रायपुर में भेदभावपूर्ण प्रबंधन और गलत लोकेशन की वजह से कई अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके और परीक्षा से वंचित रह गए। सहयोगी अभ्यर्थी रवि कुमार साहू ने बताया कि परीक्षा केंद्र शहर के बाहरी इलाके में बनाया गया था, जबकि शहर के अंदर कई कॉलेज बंद होने के कारण वहां केंद्र बनाना अधिक सुविधाजनक था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शहर में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध थीं, तो फिर परीक्षा केंद्र को बाहरी इलाके में क्यों रखा गया? अभ्यर्थियों ने यह भी कहा कि कोलंबिया कॉलेज का सही स्थान गूगल मैप पर दिखाई नहीं दे रहा था। विधानसभा मुख्य मार्ग पर स्थित इस कॉलेज को खोजने में कई अभ्यर्थी एक घंटे से अधिक समय तक भटकते रहे। इस कारण कई परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पाए। परीक्षा के लिए सुबह 10 बजे तक रिपोर्टिंग करनी थी, लेकिन कई अभ्यर्थी 9:55 बजे तक पहुंचने के बावजूद प्रवेश नहीं मिला। केंद्र प्रबंधन ने लेट आने का हवाला देते हुए किसी भी अभ्यर्थी की बात नहीं सुनी। कई अभ्यर्थी भटकने के बाद केंद्र पर पहुंचे और मदद के लिए गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### संभागायुक्त कावरे ने शाला प्रवेश उत्सव पूर्व विद्यालयों की तैयारियों का किया निरीक्षण

**महासमुंद, 16 जून।** रायपुर संभाग के संभागायुक्त श्री महादेव कावरे द्वारा आज शाला प्रवेश उत्सव 2025 के पूर्व विद्यालयों की तैयारियों की जमीनी स्तर पर जायजा लेने हेतु बागबाहरा विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकमा में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, पुस्तक स्कैनिंग की स्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षों एवं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। तत्पश्चात उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला कसेकेरा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को वितरित गणवेश, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, कक्ष में टीएलएम (शैक्षणिक सहायक सामग्री), %जादुई पिटारा%, एवं पेयजल व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली तथा गणवेश की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया।

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा में उन्होंने विद्यालय में संचालित प्रोजेक्ट कार्य, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, ऑडियो सिस्टम एवं किचन गार्डन की प्रगति की जानकारी प्रधान पाठक श्री विजय शर्मा से प्राप्त की तथा विद्यालय की कार्यप्रणाली पर प्रसन्नता व्यक्त की।संभागायुक्त श्री कावरे ने विद्यालयीन अधिकारियों को निर्देशित किया कि शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा सभी शालाओं में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर एसडीएम श्री उमेश कुमार साहू, डीएससी श्री रेखराज शर्मा, तहसीलदार श्री जुगल पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री के.के. वर्मा, विकासखंड स्रोत समन्वयक श्रीमती भूपेश्वरी साहू, एबीईओ श्री रामता मन्

### आबकारी विभाग की दबिश, 105 लीटर विदेशी शराब जब्त, संजय दासवानी गिरफ्तार

**रायपुर, 16 जून।** आबकारी विभाग ने राजधानी रायपुर के दलदल सिवनी इलाके स्थित हर्ष प्राइड में दबिश दी है. विभागीय टीम ने मौके से मध्यप्रदेश से तस्करी किए गए कई ब्रांडों की शराब बरामद करते हुए आरोपी संजय दासवानी को गिरफ्तार कर लिया है. आबकारी विभाग की टीम ने इस रेड कार्रवाई में मौके से कुल 105 लीटर विदेश शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 1 लाख 59 हजार बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, जब्त शराब की बोतलों में मध्यप्रदेश की 9 बोतल रेड लेबल व्हिस्की, 9 बोतल हंड्रेड पाइपर व्हिस्की,10 बोतल ब्लैक एंड वाइट ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की, 23 बोतल रॉयल स्टेग व्हिस्की, 4 बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की, 24 बोतल ब्लेंडर प्राइड अल्ट्रा व्हिस्की और 90 बोतल किंगफिशर बियर केन जब्त किया गया है.

# गौ तस्करी रोकने प्रशासन निष्क्रिय गौ रक्षकों ने जताई नाराजगी

## 70 से अधिक गायों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया



**कवर्धा, 16 जून।** जिले में इन दिनों गौ तस्करी के मामलों में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। ताजा मामला जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे स्थित ग्राम बिजाझोरी (हरिनछपरा) का है, जहां बड़ी संख्या में गौवंश की तस्करी की जा रही थी। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी और बजरंग दल के जिला गौरक्षा प्रमुख प्रांजल तिवारी की सक्रियता से 70 से अधिक गौवंश व बछड़ों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया गया। साथ ही 11 से अधिक गौतस्करों को पकड़ने में भी सफलता मिली। मामले की सूचना कलेक्टर, एसडीएम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को फोन पर दी गई, लेकिन 2 घंटे बीतने के बावजूद कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाया। फिलहाल सभी गौवंश को हरिनछपरा के एक निजी फैक्ट्री परिसर में सुरक्षित रखा गया है और पकड़े गए गौतस्करों को प्रशासन के हवाले करने की प्रक्रिया जारी है। गौरक्षकों ने शासन से मांग की है कि गौतस्करों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जिले में गौतस्करी पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाया जाए।

# महिला प्रोफेसर ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

### पुलिस को जांच के दौरान शव के पास मिला सुसाइड नोट



**धमतरी, 16 जून।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में किराए के मकान से महिला प्रोफेसर की लाश बरमाद हुई. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. जांच के दौरान शव के पास से सुसाइड नोट भी बरामद किया गया. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. मामला रुद्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलाशपति नगर का है. जानकारी के मुताबिक, महिला प्रोफेसर गर्मी छुट्टियां मनाने रायपुर गई थी और 13 जून को वापस अपने किराए के मकान कैलाशपति नगर लौटी थी. जब पड़ोसियों ने महिला प्रोफेसर सुषमा साहू को आवाज दी तो कोई भी अंदर से जवाब नहीं आया. संदेह पर दरवाजा को तोड़ा गया. अंदर फांसी पर लटकी लाश देकर पड़ोसियों में हड़कंप मच गया. लोगों ने रुद्री पुलिस को सूचना दी.

**पड़ोसियों ने पुलिस को दी सूचना**-वहीं पड़ोसियों ने इसकी सूचना रुद्री पुलिस को दी.मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया. शव का पोस्टमार्टम के लिए धमतरी के जिला अस्पताल लाया गया.

### सुसाइड नोट भी मिला

सुसाइड करने वाली सुषमा साहू नारायण राव मेघा वाले कन्या कॉलेज में केमिस्ट्री की अतिथि प्रोफेसर थी. सुषमा ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा है. जिसमें लिखा कि मम्मी पापा को मुझे माफ करनाज. मैं अपनी मर्जी से सुसाइड कर रही हूं.

### आत्महत्या की वजह क्या? जांच में होगा खुलासा

मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया. यवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए धमतरी के जिला अस्पताल लाया गया.

एक नजर

## राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात निरीक्षक के पदोन्नत होने पर स्टार सेरेमनी आयोजित



**रायपुर, 16 जून।** राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात निरीक्षक नीलकिशोर अवस्थी के उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर आज राजभवन में स्टार सेरेमनी का आयोजन किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने उनके कंधे पर उप पुलिस अधीक्षक का रैंक लगाया। डेका ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, परिसहाय स्क्वा. लीडर निशांत कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रशांत कतलम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सिकल सेल दिव्यांगता शिविर का आयोजन 23 जून से

**गरियाबंद 16 जून।** जिले में 23 जून से विकासखंड स्तर पर सिकल सेल दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रमुखतः सिकल सेल द्विव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। साथ ही सिकल सेल के मरीजों का जांच, उपचार एवं आवश्यक सलाह दिया जाएगा। शिविर में अन्य प्रकार के द्विव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाया जाएगा। सीएमएचओ गरियाबंद ने बताया कि शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए किया जायेगा। सभी जगह शिविर सुबह 9 बजे से लगेगी। उन्होंने बताया कि 23 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 28 जून 2025 को जनपद पंचायत फिंगेश्वर, 30 जून को जिला अस्पताल गरियाबंद, 04 जुलाई को सामु. स्वा. केन्द्र - अमलीपदर एवं 05 जुलाई को उप स्वास्थ्य केन्द्र सीनापाली में शिविर लगाई जायेगी।

### जिले में 1 जून से अब तक 236.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर, 16 जून।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 236.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 16 जून तक की स्थिति में 394.7 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 18.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 39.2 मिमी, मनोरा में 46.0 मिमी, कुनकुरी में 26.0 मिमी, दुलदुला में 0.0 मिमी, फरसाबहार में 24.1 मिमी, बगीचा में 12.2 मिमी, कांसाबेल में 13.7 मिमी, पत्थलगॉव में 20.7 मिमी, सन्ना में 31.5 मिमी एवं बागबहार में 23.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

### प्राथमिक शाला एनसीडीसी में राशन सामग्री सहित 10 पंखे ले गए चोर

**कोरबा 16 जून।** ग्रीष्म कालीन अवकाश पूर्ण होने के बाद नए शिक्षा शत्र की शुरुआत सोमवार 16 जून से होनी है,जिसके लिए स्कूलों मे साफ सफाई कराया जा रहा इसी कड़ी मे जब प्राथमिक शाला एन सी डी सी मे साफ सफाई के लिए स्कूल का ताला खोला गया तो स्कूल मे चोरी की घटना सामने आई है,स्कूल की शिक्षिका ने बतया की स्कूल से खाद्य समग्री, चावल,दाल व अन्य समान चोरी हुए है वही 10 पंखो की भी चोरी की गई है। चोरी की घटना की जानकारी स्थानीय पार्षद और मानिकपुर थाना में दी गई, पुलिस के द्वारा स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण के पश्चात जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की बात कही गई है।

### अवैध ताड़ी और कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद, 16 जून।** गरियाबंद जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में पुलिस ने नया सवेरा अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में 60 लीटर अवैध ताड़ी (छिंद रस) और 06 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से की गई। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी देवभोग द्वारा कार्रवाई की गई। सूचना के अनुसार, छोटी गुड्डी तिराहा के पास दो अलग-अलग समय में दो व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध ताड़ी एवं देशी शराब बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। मौके पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में के. शिवा कुम्भम 24 वर्ष, निवासी सालीगौरम, थाना नालगोण्डा, जिला नालगोण्डा (तेलंगाना), हाल मुकाम देवभोग धान मंडी के पास, जिला गरियाबंद (छ.ग.) व तिरन यादव 33 वर्ष, निवासी ग्राम खुटगांव, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) है।

# ग्रामीण श्रमदान और चंदा जुटाकर रपटों की मरम्मत करने जुटे

■ भूख हड़ताल भी प्रशासन पर बेअसर, जिम्मेदार खामोश



**गरियाबंद, 16 जून।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में राजापड़ाव-शोभा मार्ग पर पड़ने वाले 5 बरसाती नालों में से क्षतिग्रस्त 2 रपटों की ग्रामीण खुद ही मरम्मत करने में जुट गए हैं. दरअसल, प्रशासन की अनदेखी से नाराज़ ग्रामीणों ने श्रमदान और चंदा जुटाकर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है. बाघ नाला और शोभा नाला में रपटे की मरम्मत जारी है, जहां आज गरहाडीह पंचायत के 100 से अधिक युवा काम में जुटे रहे. जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि भूख हड़ताल के बाद प्रशासन ने मरम्मत की मंजूरी का आश्वाशन झूठा निकला.

ग्रामीणों ने बाघ नाला रपटा में आज ढाई मीटर चौड़ी और चार मीटर लंबी स्लैब की ढलाई की, जिसकी मोटाई 10 इंच से अधिक थी. इससे पहले शनिवार को गौर गांव के युवाओं ने भी इसी तरह का निर्माण कार्य किया था. सोमवार को कोकड़ी और गोना पंचायत के युवा बचा हुआ कार्य पूरा करेंगे. वहीं, आज सुबह शोभा गांव के युवाओं ने शोभा नाला की मरम्मत भी कर दी.

**मटेरियल के लिए किया आपस में चंदा:** मरम्मत के इस पहल को अंबेडकर वादी युवा संगठन ने किया. संस्था के अध्यक्ष पतंग मरकाम,उपाध्यक्ष रोहन नेताम,सचिव नकुल नागेश,पुरुषोत्तम परदे ने बताया कि दोनो मरम्मत कार्य में श्रम को छोड़ लगभग 5 लाख का मटेरियल लग रहा.इलाके में पड़ने वाले 8 पंचायत के लोगों ने बैठक कर मरम्मत का निर्णय लिया.एक वाट्सअप ग्रुप भी बनाया गया है. जिसमें मटेरियल में लगने वाले सामग्री का लेखा जोखा रखा गया. स्थानीय पंचायत के सरपंच,जिला पंचायत सदस्य,अन्य पंचायत प्रतिनिधि,काम काजी युवक, छोटे व्यवसाई,वाहन मालिकों ने मिल कर ,निर्माण के लागत को एकत्र किया.

**बरसात में हर साल बह जाते थे ग्रामीण, स्कूली छात्र:** पूर्व जनपद सदस्य श्रीराम मरकाम, गौतम मंडावी और सरपंच शंकर नेताम ने बताया कि रपटा क्षतिग्रस्त होने के बाद 2021 में कोकड़ी पंचायत के आश्रित पारा डूमरबुडरा निवासी रामनाथ और पत्नी सुगनतीन बह गए. 2022 के बाद हर साल बारिश में स्कूली बच्चे बह जाने की 4 से 5 घटना हुई. इसके अलावा 15 से ज्यादा बाइक सवार के दुर्घटना ग्रस्त हो गए. मरम्मत की बार-बार मांग के बावजूद सुधार नहीं हुआ तो जान जोख़िम में आते देख ग्रामीणों ने जन सहयोग से मरम्मत करने का फैसला किया.

**भूख हड़ताल में किया गया वादा झूठा निकला:** जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले सप्ताह भूख हड़ताल की गई थी. इसमें रपटा मरम्मत की मांग भी शामिल थी. मैंनपुर एसडीएम जिला प्रशासन की ओर से बताया था कि उक्त दो रपटा के मरम्मत के लिए जिला प्रशासन ने राशि मंजूर किया है, लेकिन काम अबतक शुरू नहीं हुआ. 16 जून से स्कूल खुलने हैं, ऐसे में ग्रामीणों ने बच्चों की सुरक्षा के लिए खुद मरम्मत शुरू कर दी है.

### पांचों नाला पर उच्च स्तरीय पुल की मंजूरी मिली

इस मामले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग के एसडीओ कमलेश चंद्राकर ने बताया कि अड़गड़ी नाला पर 2.31 करोड़ और ज़रहीडीह नाला पर 2.26 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल स्वीकृत किया गया है. इसके अलावा शोभा नाला के लिए 3.33 करोड़, बाघ नाला के लिए 2.41 करोड़ और गरहा बाघ नाला के लिए 3.47 करोड़ की प्रशासकीय मंजूरी मिल चुकी है. गरहा बाघ नाला के लिए 2021 में ही मंजूरी दी गई थी, जिसका अब तक 9 वी बार टेंडर काल किया गया है. ये सभी कार्य पीडब्ल्यूडी की सेतु शाखा द्वारा संचालित किए जा रहे हैं. संबंधित विभागों को रपटे हैंडओवर किए जा चुके हैं, इसलिए विभागीय स्तर पर मरम्मत का प्रावधान नहीं है.

# छत्तीसगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव के दिन ही तीन जिलों के स्कूलों में जड़े ताले

## कहीं कांग्रेस तो कहीं ग्रामीणों ने की तालाबंदी

**रायपुर, 16 जून** छत्तीसगढ़ में एक तरफ आज से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, तो वहीं 3 अलग-अलग जिलों के स्कूलों में तालाबंदी कर दी गई है. यह बेहद चिंता का विषय है कि जिस दिन बच्चे अपने उज्वल भविष्य के लिए स्कूल में पूरे उत्साह के साथ एक नई शुरुआत करते हैं, उसी दिन शिक्षा के मंदिर में ताला जड़ दिया जा रहा है. इसके पीछे ऐसे क्या कारण हैं, आइये आपको बताते हैंज़

**महासमुंद में कांग्रेस ने स्कूल में जड़ा ताला :** महासमुंद जिले के ग्राम खट्टी के 211 साल पुरानी प्रायमरी स्कूल को में युक्तियुक्तकरण से 2005 में बने स्कूल में मर्ज किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन किया है. यहां कांग्रेसी नेताओं ने बच्चों और शिक्षक को बाहर निकाल कर गेट पर ताला जड़ते हुए शाला में प्रवेशोत्सव नहीं होने दिया।

युक्तियुक्तकरण का विरोध करते हुए पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने सीएम साय मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेश की अवहेलना की जा रही है.

उन्होंने कहा कि आदेश में उल्लेखित है कि- यदि कोई स्कूल में दर्ज बच्चों की संख्या ज्यादा है, तो उसे मर्ज नहीं करना है। ऐतिहासिक स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाएगा. स्कूल को मर्ज करने के पहले स्कूल के प्रबंधन से बैठक और कागज देकर ही करना.

उन्होंने कहा कि जो नियम है, उस हिसाब से पहले यहां पर 206 बच्चों की दर्ज संख्या है. वहीं ऐतिहासिक स्कूल की बात की जाए तो यह स्कूल सन् 1814 में बनी है. यानी 211 साल पुरानी स्कूल है. उन्होंने यह भी कहा कि मर्ज करने से पहले इस स्कूल के शाला प्रबंधन से कोई भी बातचीत या कागज या बैठक नहीं की गई है।





### बालोद में ग्रामीणों ने स्कूल में लगाया ताला

वहीं बालोद के डौण्डी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दारुटोला में ग्रामीणों ने एकजुट होकर शासकीय प्राथमिक स्कूल में तालाबंदी कर दी है. ग्रामीणों का कहना है कि मांग 72 बच्चों की दर्ज संख्या में 1 प्रधानपाठक और केवल एक सहायक शिक्षक पदस्थ हैं. उन्होंने कहा कि वे कई बार लिखित आवेदन देकर शिक्षा विभाग और कलेक्टर जनदर्शन में एक और शिक्षक की मांग कर चुके हैं. लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हुई. उनका कहना है कि स्कूल में शिक्षा का जो स्तर होना चाहिए वह नहीं है, क्योंकि बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक नहीं है. ऐसे में बच्चों का भविष्य खतरे में जा रहा है. मांग पूरी नहीं होने के चलते ग्रामीणों ने आज शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार करते हुए स्कूल में ताला जड़ दिया है. इस मामले में DEO ने कहा कि डी के कोसरे ने बताया कि हमारे अधिकारी लोग मौके पर पहुंच गए हैं. जल्द व्यवस्था सुधार ली जाएगी. ग्रामीणों को समझाया जा रहा है.

### धमतरी के स्कूल में ग्रामीणों ने की तालाबंदी

स्कूल में तालाबंदी का एक मामला धमतरी जिले के नगरी क्षेत्र से भी सामने आया है. यहां वनांचल इलाके में स्थित ग्राम बोकराबेड़ा माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पर भी ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया है. स्कूली बच्चों के साथ पालकों ने करीब 1 घंटे तक स्कूल के बाहर बैठकर प्रधान पाठक गिरीश जायसवाल के पुनः पद स्थापना के खिलाफधरना दिया. जानकारी के मुताबिक, स्कूली बच्चों से अभद्र व्यवहार करने के चलते ग्रामीणों ने 2 साल पहले ही आवेदन कर गिरीश जायसवाल को स्कूल से हटवाया था. लेकिन उसने फ़िर से इसी स्कूल में अपनी पदस्थापना करवा लिया. इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने आज प्रवेशोत्सव के मौके पर ही स्कूल में ताला जड़ दिया. हालांकि तालाबंदी की सूचना मिलते ही उच्च शिक्षा अधिकारी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की. छ्वह और ब्र्वह ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में उनकी मांग पूरी की जाएगी. इसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोला.

नशे में धुत पुलिस आरक्षक का वीडियो वायरल

## एसपी ने की निलंबन की कार्रवाई विभागीय जांच के दिए आदेश

**मुंगेली, 16 जून।** जिले के लोरमी थाना क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में लड़खड़ाते हुए नजर आए एक आरक्षक का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंगेली एसपी भोजराम पटेल (भा.पु.से.) ने आरक्षक रोशन कुमार पहाड़ी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया. साथ ही आरक्षक के खिलाफविभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं.

**पुलिस की वर्दी को किया शर्मसार :** आरक्षक रोशन पहाड़ी का वारयल हुआ वीडियो दो दिन पहले का बताया जा रहा है. सोशल मीडिया पर शनिवार को वीडियो सामने आया, जिसके बाद यह वीडियो तेजी से वायरल होना शुरू हो गया. वायरल वीडियो में आरक्षक शराब भट्टी के पास नशे की हालत में लड़खड़ाते और गिरते हुए दिखाई दे रहा था. इस शर्मनाक हरकत से न केवल वर्दी की गरिमा को ठेस पहुंची बल्कि आम नागरिकों में पुलिस की छवि भी धूमिल हुई. स्थानीय लोगों ने नशे में धुत्त आरक्षक को सहारा देकर वहां से हटाया, जबकि आसपास मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. वीडियो के वायरल होते ही यह मामला जिला पुलिस प्रशासन तक भी पहुंच गया.

**एक्शन में एसपी, निलंबन के साथ जांच के आदेश :** जिले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी तरह की अनुशासनहीनता और नशा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.÷ आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि वे लगातार थाना और चौकियों का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान नशा न करने की सख्त हिदायत दे रहे थे. इसके बावजूद इस तरह की हरकत से विभाग की छवि को नुकसान पहुंचा है.

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं : पुलिस कप्तान

ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले आरक्षक पर कार्रवाई से पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा.

## दो हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिली

**महासमुंद, 16 जून।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा रायपुर के नवीन सर्किट हाउस, सिविल लाइंस में आज आयोजित चेक वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर श्रमिकों, विद्यार्थियों और महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और तत्परता के साथ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महासमुंद जिले के तीन हितग्राहियों को राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने दो हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि तथा एक हितग्राही को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना के तहत प्रतिमाह 1500 रुपए की पेंशन का चेक प्रदान किया।

### गेवरा मेगा प्रोजेक्ट का एसईसीएल के सीएमडी ने किया निरीक्षण

■ सेफ्टी और मानसून तैयारियों पर दिया जोर

**कोरबा 16 जून।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने रविवार को गेवरा मेगा प्रोजेक्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय एवं संविदा पैचों का निरीक्षण कर कोयला उत्पादन की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री दुहन ने सुरक्षा (सेफ्टी) को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उत्पादन बढ़ाना जरूरी है, लेकिन सुरक्षा के मानकों से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी सेफ्टी उपायों को जमीन पर लागू करने और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही श्री दुहन ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए की जा रही तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि बारिश के मौसम में कार्य प्रभावित न हो और सभी आवश्यक उपकरण, जल निकासी व्यवस्था तथा संसाधन पहले से तैयार हों। निरीक्षण के दौरान एसईसीएल के कई वरिष्ठ अधिकारी भी श्री दुहन के साथ मौजूद रहे। उन्होंने गेवरा मेगा प्रोजेक्ट के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना।

## बिलासपुर में कहर बनकर गिरी आकाशीय बिजली, एक बच्चे की मौत, छह घायल

**बिलासपुर, 16 जून।** बिलासपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन से अधिक इसकी चपेट में आ गए। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के बन्नाकडीह का ये पुरा मामला है। फिलहाल, घायल अन्य बच्चों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दिया गया है।

बिलासपुर के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में रविवार की शाम आकाशीय बिजली का कहर देखने क मिला। पास के मैदान में खेल रहे आधा दर्जन से अधिक बच्चे-युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय युवकों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान एक बालक की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, बन्नाकडीह सोनी मोहल्ले के पीछे खाली मैदान है। जहां हर रोज की तरह युवक और बच्चों के द्वारा क्रिकेट खेला जा रहा था। इसी बीच शाम करीब चार बजे तेज बारिश और बिजली कड़कने लगी। क्रिकेट में फील्डिंग कर रहे लोगों के बीच आकाशीय बिजली गिर गई।



खेल रहे बच्चों और युवकों को कुछ समझ आता इससे पहले बन्नाक चौक भीतरीपारा के रहने वाले अजय ध्रुव, अभिषेक ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, अंशु गोड़, शष्ट राज ध्रुव, दुर्गेश ध्रुव आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। कुछ युवकों ने जैसे-तैसे सभी को पास के मकान में ले गये और तत्काल इसकी सूचना डायल 112 सिरगिट्टी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गया। जहां रास्ते में ही अभिषेक ध्रुव पिता पंचराम ध्रुव उम्र 14 वर्ष की मौत हो गई। साथ ही घायल अजय ध्रुव पिता पंचराम ध्रुव उम्र 25 वर्ष बन्नाक चौक हाल नयापारा, सुरेंद्र ध्रुव पिता दरोगा उम्र 21 वर्ष परसदा आवास, सूरज ध्रुव पिता राम ध्रुव उम्र 22 वर्ष गोंड मोहल्ला बन्नाक चौक, अंशु ध्रुव पिता गेंद राम उम्र 8 वर्ष बन्नाकडीह, षष्ठ राज पिता चंद्र मोहन ध्रुव उम्र 8 वर्ष बन्नाक डीह व घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। फिलहाल, सिरगिट्टी पुलिस मामला दर्ज कर लिया है। आकाशीय बिजली गिरने के दौरान गंभीर बच्चों को अस्पताल भेजने के बाद बिजली की चपेट में आए अंशु ध्रुव, दुर्गेश ध्रुव का कान सुन्न हो चुका था। वहीं जमीन पर गिरने के कारण कई युवकों को चोट आ गई है।

### बच्चों का अश्लील वीडियो पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**कोरबा 16 जून ।** कटघोरा थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें सोशल मीडिया पर बच्चों से जुड़ी अश्लील फ़ोटो वीडियो पोस्ट करने वाले आरोपी को आखिरकार कटघोरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी पिछले कई सालों से फरार था। मामला 26 फरवरी 2021 का है, जब प्रार्थी ने कटघोरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि एक मोबाइल नंबर से बच्चो से जुडी अश्लील फ़ोटो वीडियो सोशल मिडिया मेँ पोस्ट की गई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की जहाँ पुलिस जांच मेँ पता चला की आरोपी राघवेन्द्र भोई, जो कि एकता नगर, थाना बालको नगर, जिला कोरबा का निवासी है, उसने सोशल मीडिया में बच्चों की अश्लील फ़ोटो पोस्ट की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में कटघोरा थाना प्रभारी धरम नारायण तिवारी और उनकी टीम लगातार इस मामले की जांच में जुटी रही। आखिरकार, पुलिस को सफ्लता मिली और उन्होंने आरोपी राघवेन्द्र भोई (पिता दृ नारायण प्रसाद भोई, उम्र दृ 26 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।

पत्थलगांव में कटहल मेले का आयोजन

## 36 किलो का कटहल सभी के आकर्षण का केंद्र बना रहा

**पत्थलगांव, 16 जून।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के पत्थलगांव में कटहल मेले का आयोजन किया गया। जहां 36 किलो वजनी कटहल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह मेला जिला प्रशासन और राषट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास से जशपुर में आयोजित हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य कटहल फसल के वैज्ञानिक प्रसंस्करण, नवाचार और विपणन के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाना और जीवन स्तर सुधारना रहा।

मेले में कटहल की उपयोगिता, उससे बनने वाले उत्पाद और आधुनिक तकनीकों से ज्यादा उत्पादन की जानकारी दी गई। कटहल से बने अचार, पापड़, चिप्स सहित अन्य उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों के बीच अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें सबसे बड़े कटहल के लिए कुरमीटिकरा के त्रिलोचन सिंह को उनके 36 किलो के कटहल पर पहला पुरस्कार और 5 हजार 1 रुपये इनाम दिया गया।

**कलेक्टर ने कटहल को बताया 'चमत्कारी फल' :** कलेक्टर रोहित व्यास ने कटहल को 'चमत्कारी फल' बताते हुए इसके पोषण मूल्य और स्वास्थ्य लाभों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि, कटहल में विटामिन सी, ए, मैग्नीशियम, फइबर और एंटीऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो वजन घटाने, डायबिटीज नियंत्रण और इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक होते हैं।



**गांवों में आजीविका का पारंपरिक स्त्रोत है कटहल :** वहीं रायमुनी भगत ने कहा कि, कटहल गांवों में पारंपरिक रूप से आजीविका का स्त्रोत रहा है। अब वैज्ञानिक तरीके से इसके प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन से किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है।

**महिला स्व-सहायता समूहों को भी दे रहे सहायता :** महिला स्व-सहायता समूहों को भी कटहल प्रसंस्करण के लिए प्रशिक्षण और विपणन सहायता दी जा रही है। प्रशासन की योजना है कि, उन्नत किस्म के पौधे देकर कटहल उत्पादन को और बढ़ाया जाए ताकि, ज्यादा किसानों को इसका लाभ मिल सके।

## कलेक्टर ने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

■ समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले और नदारद शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

■ बीईओ, बीआरसी करेंगे अपने क्षेत्र के स्कूलों का नियमित निरीक्षण

**जशपुर, 16 जून।** कलेक्टर रोहित व्यास ने रविवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। और बच्चों को यूनिफॉर्म, किताब ,पात्र बच्चों को छात्रवृत्ति, सायकिल सहित शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए कहा है।

कलेक्टर ने विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्य करने के लिए कहा है।इसके लिए एनजीओ का भी सहयोग लेने के लिए कहा ताकि बच्चों के शिक्षा स्तर को बेहतर बनाया जा सके।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी, यूनीसेफ ओपन लिंक फाउंडेशन, प्रथम एजुकेशन सोसाइटी , अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों तथा जिले के समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारीयों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के स्कूलों का नियमित निरीक्षण करेंगे और स्कूल में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों को उपस्थित समय पर शिक्षक स्कूल पहुंच रहे हैं कि नहीं सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। जो शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हैं और नदारद रहते हैं ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने सभी संकुल समन्वयक को शिक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन करने के लिए ट्रैकिंग करने के लिए कहा है।

# स्कूल के किचन शेड पर गिरा पीपल का पेड़, बड़ा हादसा होने से बचा

■ शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही





**बलौदाबाजार, 16 जून।** जिले के गणेशशंकर बाजपेई विद्यालय में एक बड़ा हादसा टल गया। बीती रात तेज बारिश और आंधी के कारण स्कूल परिसर में स्थित एक पुराना पीपल का पेड़ अचानक किचन शेड पर गिर गया, जिससे शेड पूरी तरह धराशायी हो गया। गनीमत रही कि यह घटना रात में हुई, वरना यदि यह हादसा स्कूल समय के दौरान होता, तो किचन में काम करने वाली रसोइयों और भोजन लेने आए बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती थी।

जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने वर्ष 2023 से ही पीपल के झुकते हिस्से को हटाने के लिए शिक्षा विभाग, वन विभाग और नगरपालिका को कई बार लिखित शिकायतें भेजी थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्कूल की प्राचार्य अरविंदर कौर ने बताया कि बार-बार आवेदन देने के बावजूद किसी अधिकारी ने गंभीरता नहीं दिखाई। अब जब पेड़ गिर गया है, तब भी मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा है।

स्कूल में भोजन बनाने वाली रसोइया ने बताया कि अब किचन शेड पूरी तरह टूट चुका है, जिससे मिड-डे मील योजना के तहत बच्चों के लिए खाना बनाना मुश्किल हो गया है। शिक्षा विभाग की तरफ से कहा गया है कि ÷कहीं भी बनाओ, लेकिन बच्चों को खाना मिलना चाहिए÷, जो कि व्यवहारिक रूप से न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है बल्कि असुरक्षित भी है। गौरतलब है कि नए सत्र की शुरुआत के अवसर पर स्कूलों में बच्चों का तिलक कर स्वागत किया गया, खीर-पूड़ी बांटी गई और जनप्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण भी हुआ। लेकिन इन्हीं आयोजनों के बीच सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे प्रशासन की अनदेखी का शिकार होते नजर आए।

# शिक्षकों की राशन वितरण कार्य में लगाई गई ड्यूटी

## शिक्षक संघ ने आदेश वापस न लेने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**बलरामपुर, 16 जून।** शिक्षा विभाग और प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है. जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को राशन वितरण के कार्य में नियुक्त कर दिया गया है, जिससे शिक्षण व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है. शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, इसके बावजूद बच्चों की पढ़ाई छोड़कर अब शिक्षक सरकारी योजनाओं के वितरण में व्यस्त रहेंगे. सूत्रों के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) वाड्रफनगर द्वारा जारी आदेश के तहत शिक्षकों की ड्यूटी राशन वितरण केंद्रों में लगाई गई है, जिसके विरोध में अब शिक्षक संघ ने भी मोर्चा खोल दिया है. शिक्षक नेताओं का कहना है कि प्रशासन का यह कदम पूरी तरह से अनुचित और शिक्षण कार्य के प्रति घोर लापरवाही दर्शाता है.

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराया है. उनका कहना है कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

इस मुद्दे पर जब एसडीएम नीर निधि नांदेहा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि, ÷यह आदेश पहले जारी किया गया था लेकिन अब उसे संशोधित कर लिया गया है. शिक्षकों को राशन वितरण कार्य से मुक्त कर दिया गया है.÷ हालांकि, जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगी थी, उन्हें अभी तक संशोधित आदेश की प्रतिलिपि नहीं मिली है, जिसके कारण वे अब भी असमंजस की स्थिति में हैं. राशन वितरण में शिक्षकों की ड्यूटी लगने से न केवल कक्षाएं प्रभावित होंगी, बल्कि मध्याह्न भोजन, परीक्षा मूल्यांकन, नामांकन अभियान जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों पर भी असर पड़ेगा.

## एक नजर

### एडीईओ भर्ती परीक्षा में 5491 अभ्यर्थी हुए सम्मिलित



**बलौदाबाजार, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा 15 जून 2025 को जिले में सम्पन्न हुई। भर्ती परीक्षा हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये थे जिसमें 5491 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 2415 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि एडीईओ भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 :15 बजे तक किया गया। परीक्षा के लिए कुल 7906 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित था जो शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई।

### 33 पौवा अवैध शराब बिक्री का आरोपी पुलिस हिरासत में

**धमतरी, 16 जून।** धमतरी पुलिस,चौकी बिरेझर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम नवागांव स्थित सरार तालाब के पास दबिश दी गई, जहां आरोपी सफेद प्लास्टिक बोरी में शराब रखकर बिक्री करते पाया गया। मौके पर मौजूद खरीदार पुलिस को देखकर फरार हो गए। आरोपी के पास से जप्त शराब के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए बिरेझर पुलिस ने आरोपी भागवत यादव पिता गजानंद यादव, (36) निवासी ग्राम नवागांव, चौकी बिरेझर, थाना कुरूद, जिला धमतरी को मौके पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 33 पौवा देशी मसाला शराब (प्रत्येक 180 द्वय, कुल 5.940 बल्क लीटर) जिसकी अनुमानित कीमत3,300/- , तथा शराब बिक्री से प्राप्त नकद रकम170/-, कुल3,470/- की सामग्री जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना कुरूद में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया एवं आरोपी को धारा 187 बी.एन.एस.एस. के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड लेकर जेल भेजा गया।

### राजमिस्त्री की धारदार हथियार से निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा, 16 जून।** बांकीमोंगरा क्षेत्र में बीती रात एक राजमिस्त्री की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान तिरीथ राम यादव के रूप में हुई है, जो पंखा दफाई दो नंबर में अपने परिवार के साथ निवासरत थे। बताया गया कि घटना शुक्रवार देर रात की है। पेशे से राजमिस्त्री का कामकर जीवन यापन करने वाला तिरीथ राम यादव अपने परिवार के साथ पंखादफाई में निवास करता था। घटना दिवस को वह रात्रि घर पहुंचा। सदस्यों ने भोजन किया और फिर सो गये। अगले कुछ घंटों में क्या होने वाला है, इस बारे में किसी को कल्पना नहीं थी। जानकारी के अनुसार घर के मुखिया की लाश लगभग रात 1 बजे उनके घर के आंगन में मिली। उनकी छोटी बेटी जब किसी कार्यवश आंगन में आई, तो उसने अपने पिता को खून से लथपथ देखा और चीख उठी। शोर सुनकर परिजन और मोहल्ले के लोग मौके पर इक्ठा हो गए। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए दर्री सीएसपी के नेतृत्व में स्थानीय थाना पुलिस और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। आज सुबह डॉग स्कवाड को मौके पर बुलाया गया, जिसने इस इलाके का जायजा लिया।

## यात्री ट्रेन परिचालन के समय में नहीं हो पा रहा है सुधार

# 2 घंटे विलंब से रवाना हुई डेमू ट्रेन, यात्रियों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराहरा, 16 जून।** रेल प्रशासन द्वारा यात्री ट्रेन के परिचालन के समय में सुधार नहीं कर पा रही है जिसकी वजह से आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अक्सर डेमू ट्रेन 1 से 2 घंटा विलंब से आना-जाना कर रही है 16 जून को, दोपहर 2:30 बजे दल्ली राजहरा से दुर्ग जाना था वह ट्रेन लगभग 2 घंटा विलंब से रवाना हुई है फिर इसी ट्रेन को दुर्ग से दल्ली वापस आना है।

सुबह से लेकर रात तक तीन बार अंतागढ़ से दल्लीराजहरा, दुर्ग, रायपुर एवं दल्ली राजहरा अंतागढ़ आने जाने वाली ट्रेन का समय पूरी तरह से बिगड़ता जा रहा है। इसके पीछे एक कारण या बताया जा रहा है कि जो डेमू ट्रेन चल रही है वह अक्सर तकनीकी करणों से विलम्ब से चल रही है, जबकि इस ट्रैक में विद्युत लाइन बिछ चुकी है। अभी फिलहाल अंतागढ़ से रायपुर तक के लिए मेमू ट्रेन विद्युतीकरण वाली ट्रेन चलाई जा रही है लेकिन नियमित चलने वाली ट्रेन को अभी तक डीजल से ही चलाया जा रहा है। जिससे इंजन में बार-बार खराब होने की शिकायत मिल रही है। बुधवार को दोपहर 2:30 बजे दुर्ग की ओर जाने वाली ट्रेन दल्ली राजहरा ही 4:30 बजे के बाद आई इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेलवे विभाग यात्रियों की सुविधाओं पर जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है । यह समस्या एक दिन की नहीं है ट्रेनों के विलंब से चलने का क्रम लगातार बना हुआ है इस वजह से यात्रियों को कहीं भी आने-जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुबह चलने वाली ट्रेन तो सही समय पर आती है लेकिन जब वह रायपुर से वापस लौटती है तो उसका लेट लतीफ होना प्रारंभ हो जाता है। इस पर उच्च अधिकारियों का ध्यान कई बार दिलाने के बावजूद महज यह आश्वासन मिलता है की ट्रेन समय पर चले इसका ध्यान रखा जाएगा। लेकिन सारी बातें नक्कार खाने में तूती जैसी ही साबित हो रही है। संबंधित अधिकारियों की, लापरवाही की वजह से यात्री ट्रेन का परिचालन समय पर नहीं हो पा रहा है जब तक इलेक्ट्रिक ट्रेन नहीं चलेगी तब तक यात्री ट्रेन का विलंब से चलने का क्रम बना रहेगा ऐसा लोगों का मानना है। रेलवे के कुछ जिम्मेदार लोगों ने यह भी बताया कि उच्च अधिकारी लोग ट्रेनों के विलंब से चलने के बारे में गंभीरता से विचार नहीं कर रहे हैं किसी प्रकार की जो तकनीकी त्रुटि है उसे दूर करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। यात्री ट्रेन के विलंब से चलने का जो नियम बन गया है, वह नियम कब खत्म होगा यह जानने के लिए जनता व्याकुल है।

ताड़ोकी अंतागढ़ से दल्लीराजहरा, बालोद, दुर्ग, रायपुर जाने वाली तथा वहां से लौटने वाली ट्रेनों में काफी भीड़ रहती है मांग की जा रही है कि इन ट्रेनों में बोगियों की संख्या बढ़ाई जाए लेकिन इसके लिए भी रेल मंडल मुख्यालय के अधिकारी लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं महज आश्वासन देते हैं लेकिन आश्वासन पूरा नहीं हो पा रहा है। एक कहावत है कि जैसे-जैसे दवा दी गई वैसे-वैसे मर्ज बढ़ता गया वही हाल रायपुर रेल मंडल का है। दल्ली राजहरा से अंतागढ़ ताड़ोकी होते हुए रेल लाइन रावघाट तक बनाई जा रही है लेकिन, यात्री सुविधा को चुस्त दुरुस्त नहीं किया जा रहा है यह एक सोचनीय पहलू है अधिकारियों को तुरंत इस पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई जा रही है।

# बारनवापारा अभयारण्य 15 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिये रहेगा बंद

## आगामी सीजन में पर्यटकों की सुविधा में होगा विस्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 जून।** बारनवापारा अभयारण्य 16 जून 2025 से आगामी पर्यटक सीजन अक्टूबर 2025 तक प्रतिवर्ष के भाँति अभ्यारण्य प्रबंधन हेतु पर्यटकों के लिये बंद रहेगा। गत वर्ष बारनवापारा अभयारण्य 15 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए पुनः प्रारम्भ किया गया था। वनमंडल अधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील ने बताया कि आगामी सीजन में बारनवापारा प्रबंधन द्वारा सभी सफारी गेट में पर्याप्त वाहन उपलब्ध कराने के लिए आस -पास के बेरोज़गार युवाओं को ऋण के माध्यम से सफारी वाहन जल्द ही उपलब्ध कराए जाएंगे । साथ ही पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा। विशेष आकर्षण लेपर्ड सफारी -बारनवापारा अभयारण्य पर्यटकों के लिए लेपर्ड सफारी हेतु विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अभयारण्य में तेंदुए के साथ -साथ गौर, भालू, चीतल और 150 से अधिक प्रजाति के पक्षियां पाई जाती हैं ।

# महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी, 16 जून।** लोरमी में हुई बुजुर्ग महिला के हत्या के मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पकड़ा गया आरोपी नशेड़ी युवक है जो कि हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद गांव के ही तालाब में नहा रहा था। लोरमी के लालपुर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई थी। यहां के पेण्ड्रीतालाब गांव में एक नशेड़ी युवक ने 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला सोनिया साहू की हत्या कर दी थी। मृतका अपने खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान तेली मोहतरा गांव का 22 वर्षीय भगवंता साहू वहां पहुंचा। उसने महिला से कुदाली छीन ली और उसी से उनके सिर पर वार कर दिया।

इस हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई।जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान शाम को हत्या के बाद आरोपी पास के तालाब में नहाने लगा। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी नशे का आदी है। उसकी इस आदत से उसका परिवार भी परेशान है। हत्या का आरोपी 22 वर्षीय भगवंता साहू है, जो कि तेली मोहतरा गांव का निवासी है और नशे का आदी बताया जा रहा है। यह घटना रविवार सुबह पेण्ड्रीतालाब गांव के खेत में हुई, जब मृतका सोनिया साहू खेत में काम कर रही थीं। अब तक सामने आई जानकारी के अनुसार, आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर और नशे का आदी था। हत्या का कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। हाँ, पुलिस ने आरोपी भगवंता साहू को घटना के बाद पास के तालाब से गिरफ्तार कर लिया है।

# जिले के जनजातीय बाहुल्य 46 गांवों में विशेष शिविर शुरू

■ शत प्रतिशत पात्र लोगों को किया जाएगा योजनाओं से लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 16 जून।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनजातीय बाहुल्य गांव में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से प्रारम्भ किया गया है। विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में पात्र लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विशेष शिविर की निगरानी के लिए विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग कमिटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही निरीक्षण हेतु तिथि व ग्राम का भी निर्धारण किया गया है।

अभियान के तहत जिले के विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 जनजातीय बाहुल्य गांव शामिल हैं। 15 जून से 30 जून तक चलने वाले अभियान में हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।शिविरों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वयोवृद्ध कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पीएम उज्जवला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण, टीकाकरण, आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

# रक्तदाताओं ने194 यूनिट रक्त दान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 16 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं न्यूवोको सीमेंट संयन्त्र ग्राम सोनाडीह के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में प्लांट के कर्मचारियों तथा क्षेत्र के आमजन ने रक्तदान किया जिसमें कुल 194 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार रक्तदान शिविर हेतु रक्तदान करने वाले दाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे लोग रक्तदान हेतु आगे आए।सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा के अनुसार रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा है क्योंकि इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है ।18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है।

रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव, दुर्घटना, सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल, थैलेसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है।

# ग्राम बेंलरगोदी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



■ जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने बांटी बच्चों को किताबें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 16 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेंलरगोदी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहु ने की। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहु व जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 16 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है, और इस अवसर पर ÷शाला प्रवेश उत्सव÷ का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी जनप्रतिनिधियों से इस उत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की भी है, जिसका उद्देश्य राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करना है।श्रीमती वैष्णव ने कहा कि आज से स्कूल की घंटी फिर से गूंजने लगी है। नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फिर से एक नई शुरुआत हो रही है। आज का यह दिन हम सबके लिए विशेष है। मैं आप सभी से कहना चाहती हूँ कि खूब मन लगाकर पढ़िये, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आगे बढ़िए।आपकी शिक्षा, आपका उज्ज्वल भविष्य हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे।

## राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष अभियान

# बाल श्रम व नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जनसमुदाय को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराहरा, 16 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा निर्देश में गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जिले में बाल सह किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुनर्वास हेतु सघन अभियान का संचालन 10 जून से प्रारंभ किया गया है। इस दौरान जनसमुदाय को बालश्रम एवं नशे का बालकों पर पड़ रहे दूरगामी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन में 10 जून से 13 जून तक संयुक्त टीम के द्वारा पलारी, सिमगा, बलौदाबाजार एवं भाटापारा विकासखण्ड में भ्रमण कर जनसमुदाय को बालश्रम एवं नशे का बालकों पर पड़ रहे दूरगामी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान टीम ने 3 बच्चों का चिन्हांकन किया जिन्हे समझाईश देकर परिवार के सुपुर्द किया गया साथ ही समुदाय को जागरूक किया गया एवं चिन्हित बच्चों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास ने बताया कि किसी संकटमय परिस्थितियों के कारण काम मांगने आने वाले बालक को कम पारिश्रमिक में नियोजित करना परिवार की मदद करना नही है वह बालकों का शोषण ही है। भिक्षावृत्ति कर रहे बालको, अपशिष्ट संग्रहण करने वाले बालकों एवं कार्य मांगने आने वाले बच्चों की सच्ची सहायता चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 में उनकी जानकारी देकर की जा सकती है। संयुक्त टीम द्वारा चारों विकासखण्डों में बाल श्रमिक नियोजित नही करने संबंधित पोस्टरों का अवलोकन भी विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशनो में किया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे सामाजिक अपराधों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।



## शिक्षक साझा मंच एक जुलाई को सभी विकासखंडों में करेगा धरना एवं प्रदर्शन

# नया शैक्षणिक सत्र शुरू, शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध

### शिक्षा विभाग ने कहा, युक्तियुक्तकरण के सार्थक परिणाम सामने आए



**रायपुर, 16 जून।** राज्य शासन के निर्देश पर आज शालाओं नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गये है। शिक्षक संघ के सांझा मंच ने युक्तियुक्तकरण के विरोध आज काली पट्टी लगाकर विरोध जाहिर किया तथा एक जुलाई को सभी विकासखंडों में धरना एवं प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

राज्य में शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि व्यवस्था को बेहतर एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के सार्थक परिणाम आए है। राज्य की कुल 453 शिक्षाविहीन शालाओं में से 447 में शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। आज राज्य में नया शिक्षा सत्र शुरू होने से स्कूल में घंटी बजी तथा क्लास लगना शुरू हो गया है। इधर शिक्षक मंच के पदाधिकारी विकास राजपूत ने कहा कि शालाओं में युक्तियुक्तकरण की बात करना एक ढकोसला है। उन्होंने कहा कि सरकार हर मोर्चे में विफल हुई है। सरकार के द्वारा जो डाटा दिया गया है वो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर शालाओं को बंद करने जा रही है। नया सेटअप बताकर स्वीकृत पद समाप्त किया जा र हा है। शिक्षक संगठन इसका विरोध कर रहा है। शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों के अनुसार आज प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। सभी जगह शत प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। शालाओं में गणवेश तथा पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षक संगठनों का विरोध अपनी जगह है। लेकिन शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है आज पहले दिन विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा नहीं था लेकिन शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। जर्जर शाला भवनों का निर्माण कराया जा रहा है।

**शिक्षकों की पर्याप्त पदस्थापना की गई** -शिक्षा अधिकारियों के अनुसार युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद कोई भी शाला शिक्षक विहीन नहीं है। कौंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार राज्य में 5672 प्राथमिक स्कूल एकल शिक्षकीय से इन्में से युक्तियुक्तकरण के बाद 4465 स्कूलों में दो शिक्षक की तैनाती कर ली गई है। राज्य में 1207 प्राथमिल शालाओं एकल शिक्षकीय रह गई है। वहीं 211 एकल शिक्षकीय माध्यमिक शालाओं में 204 शालाओं में दो शिक्षक की तैनाती की गई है।

### काली पट्टी लगाकर जताया शिक्षकों ने रोष

शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास राजपूत ने बताया कि कालीपट्टी लगाकर विरोध जाहिर किया है। आज शालाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है लेकिन आज से गणवेश वितरण हुआ है। एक जुलाई को सभी 140 विकासखंडों में अब धरना तथा प्रदर्शन करेंगे तथा पांच जुलाई को हमारा प्रदर्शन होगा।

### युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शिक्षकों के संगठन ने खोला मोर्चा

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के पदों की कटौती और युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में गंभीर विसंगतियों को लेकर शिक्षक साझा मंच ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. मंच ने आठ सूत्रीय मांगों के साथ चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है. मंच का कहना है कि

**8 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू**

सरकार द्वारा सेटअप से छेड़छाड़ कर 46 हजार से अधिक पदों की कटौती की गई है, जिससे शिक्षक वर्ग में गहरा आक्रोश है. मंच के संचालक वीरेंद्र दुबे ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के सेटअप से छेड़छाड़ कर 46 हजार से अधिक शिक्षकीय पदों की कटौती किए जाने से शिक्षक वर्ग में भारी आक्रोश है. इसे लेकर साझा मंच ने 5 सितंबर शिक्षक दिवस को राज्य स्तरीय विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है. शिक्षक साझा मंच की 14 जून को ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई थी. इस बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय की गई. इसमें प्रदेश, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार को शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ चेताया जाएगा.

## छत्तीसगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव के दिन ही 3 जिलों के स्कूलों में जड़े ताले

- **कहीं कांग्रेस, तो कहीं ग्रामीणों ने की तालाबंदी**

छत्तीसगढ़ में एक तरफ आज से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, तो वहीं 3 अलग-अलग जिलों के स्कूलों में तालाबंदी कर दी गई है. यह बेहद चिंता का विषय है कि जिस दिन बच्चे अपने उज्वल भविष्य के लिए स्कूल में पूरे उत्साह के साथ एक नई शुरुआत करते हैं, उसी दिन शिक्षा के मंदिर में ताला जड़ दिया जा रहा है. इसके पीछे ऐसे क्या कारण हैं, आइये आपको बताते हैं।



### महासमुंद में कांग्रेस ने स्कूल में जड़ा ताला

महासमुंद जिले के ग्राम खट्टी के 211 साल पुरानी प्रायमरी स्कूल को में युक्तियुक्तकरण से 2005 में बने स्कूल में मर्ज किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन किया है. यहां कांग्रेसी नेताओं ने बच्चों और शिक्षक को बाहर निकाल कर गेट पर ताला जड़ते हुए शाला में प्रवेशोत्सव नहीं होने दिया. युक्तियुक्तकरण का विरोध करते हुए पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने सीएम साय मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेश की अवहेलना की जा रही है.

## समाचार संक्षेप



मेरी गुनगुनाहट से ही ए.आर. रहमान ने बना लिया था पूरा गाना: जोनिता गांधी

## सीमेंट का हब कहे जाने वाले छग में सीमेंट का कृत्रिम संकट

- **एक कंपनी का एकाधिकार होने से सीमेंट की आपूर्ति प्रदेश में प्रभावित**
- **भवन निर्माण कराने वाले सीमेंट और रेत के लिए काट रहे चक्कर**

**रायपुर, 16 जून।** छग में सीमेंट हब के नाम से जाना जाता है लेकिन इस समय एक उद्योगपति द्वारा सभी संयंत्रों का स्वामित्व प्राप्त करने के बाद अब सीमेंट का कृत्रिम संकट पैदा किया जा रहा है। प्रदेश में सीमेंट की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके कारण अब सीमेंट का टोटा पूरा है। वहीं खनिज विभाग ने माफिया द्वारा किये जा रहे उत्पाद को देखते हुए 10 जून से रेल का उत्खनन रोक दिया है। जिसके कारण अब रेत का भाव भी आसमान छूने लग गया है। राज्य में सिर्फ बलौदाबाजार जिले में ही सात से अधिक सीमेंट प्लांट है। वहीं रायपुर जिले में सिर्फ एक तथा दुर्ग जिले में एक सीमेंट प्लांट है। वर्तमान में एक उद्योग समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। गुजरात निवासी उद्योग पति द्वारा एक समूह बनाकर इसका संचालन हो रहा है। सीमेंट आपूर्ति कर्ताओं के अनुसार पिछले तीन चार दिनों से सीमेंट की आपूर्ति रोक दी गई है। सीमेंट का कृत्रिक संकट पैदा किया जा रहा है। यद्यपि सीमेंट का कोई रेट नहीं बढ़ा है। लेकिन पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं हो रही है। जिसके कारण भवन निर्माता परेशान है। 20 बोरी सीमेंट मांगने वालों को मात्र दस बोरी सीमेंट दिया जा रहा है। इस समय लाफार्ज कंपनी की सीमेंट सबसे ज्यादा मांग है लेकिन अन्य कंपनियों का सीमेंट दिया जा रहा है। जिससे लोग परेशान है। राजधानी में इस समय 50 से अधिक सीमेंट डीलर है। उनका कहनाहै कि अन्य राज्यों में इसकी आपूर्ति की जा रह है। छग में इसकी आपूर्ति रोकने का मतलब है कि इसका रेट बढ़ाया जाए। इस समय सीमेंट का रेट प्रति बोरी 300 रुपये है। वर्षा के पूर्व अन्य प्रदेशों में इसकी आपूर्ति की जा रही है। छग में अनेक सीमेंट संयंत्र होने के बावजूद भी लोग परेशान है। उद्योगपति कार्टेल बनाकर आए दिन सीमेंट का रेट बढ़ा लेते है। यह उद्योग केंद्र सरकार के अधीन होता है इसकिए राज्य सरकार ज्याद अच्छी नहीं हर पाती।

**रेत और ईंटे का भाव बढ़ा**-वर्षा पूर्व सभी नदियों से दस जून को रेत घाटों का संचालन कर दिया जाएगा। जिसके कारण अनेक निर्माण कार्य प्रभावित होंगे। नई राजधानी में विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर एक मकान बन रहे है। ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में इसका पैसा तीन किस्तों में दिया जाता है लेकिन लोग इसका उपयोग अन्य कार्यों में कर रहे हैं। भवन आपूर्ति कर्ता रेत का संग्रहण कर रहे ताकि बरसात में इसका लाभ मिल सके। ज्ञात रहे इस समय राजनांदगांव बीजापुर, रायपुर, गरियाबंद जिलों में रेत उत्खनन के नाम दादागिरी कर रही है। रेतमाफिया खुले आम गुंडागर्दी कर रहे हैं। जिसके कारण दहशत का माहौल है। भवन निर्माण सामाग्री बेचने वालों का कहना है कि ईंटा भट्टा बंद हो जाएगा। वहीं लोहे का प्रति क्विंटल रेट गिरेगा।

## एक नजर

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 16 जून।** दिनदयाल कालोनी आरंग स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी डेढ़ लाख सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गजेन्द्र साहू 39 वर्ष दिनदयाल कालोनी आरंग का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### राजधानीवासी उमस, गर्मी से परेशान

**रायपुर, 16 जून।** राजधानी में बीती रात भी वर्षा के कारण उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन रहे। आज सुबह से ही तेज गर्मी में लोगों को परेशान कर दिया। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार राज्य में इस समय मानसून दंतेवाड़ा के पास रूक गया है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने की संभावना है। बताया जाता है कि अब मानसून की वर्षा 25 के बाद शुरू होगी। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण पश्चिम दिशा में ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार एक द्रोणिका पूर्वी मध्य प्रदेश से बांग्लादेश तक छत्तीसगढ़, झारखंड गंगेटिक पश्चिम बंगाल, होते हुए, 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा या दक्षिण पश्चिम दिशा में ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### बजरंग मार्केट में घुस रहा नाली का गंदा पानी, व्यापारी हो रहे परेशान, जोन कमिश्नर बोले निर्माण कार्य जारी

**रायपुर, 16 जून।** शहर के जीई रोड स्थित बजरंग मार्केट में सीवरेज के बदबूदार पानी और साफ-सफाई के अभाव से लोग परेशान है. शिकायत के बाद भी समस्या का हल नहीं किया गया है. पास में हनुमान मंदिर में है, यहां आने वाले श्रद्धालु भी हलाकान है. हालत ये है कि लोग कपड़े या हाथ से नाक बंदकर के यहां से गुजरते हैं. हालांकि, जोन कमिश्नर ने समस्या पर काम शुरू होने की बात कही है. उन्होंने बताया कि समस्या को दूर करने के लिए नाली निर्माण कार्य जारी है. परेशान व्यापारियों ने आरडीए के मुख्य कार्यपालन अभियंता को इस संबंध में शिकायत भी दी थी. शिकायत में समस्या से अवगत करते हुए बताया था कि सफाई के लिए शुल्क वसूला जा रहा है लेकिन सफाई का नामोनिशान नहीं है. परिसर में शौच प्रसाधन, पानी और अन्य सुविधाएं सालों से नहीं मिल रही है. गटर का पानी बह रहा है, जिससे बदबू आती है।

## शिक्षित बेरोजगारों के लिए खुशखबरी

# अग्निशमन विभाग में 295 पदों पर भर्ती

**रायपुर, 16 जून।** रायपुर छत्तीसगढ़ सरकार ने अग्निशमन विभाग में बेरोजगार और शिक्षित युवाओं के लिए बड़ी भर्ती का ऐलान किया है। इस भर्ती के माध्यम से कुल 295 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसमें स्टेशन मास्टर, फायरमैन समेत विभिन्न पद शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया 1 जुलाई 2025 से शुरू होकर 31 जुलाई 2025 तक चलेगी। यह छत्तीसगढ़ के गठन के बाद अग्निशमन विभाग में अब तक की सबसे बड़ी भर्ती है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को फेसबुक लाइव के जरिए इस भर्ती की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक इस विभाग की भर्ती में 2017 के नियम लागू थे, जिसके तहत देश के किसी भी राज्य के उम्मीदवार आवेदन कर सकते थे। लेकिन अब नियम बदलकर केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को ही आवेदन का अधिकार दिया गया है, जिससे राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी में प्राथमिकता मिल सके।



### भर्ती के लिए खाली पदों का विवरण इस प्रकार है

पदनाम स्टेशन ऑफिसर (उप निरीक्षक) 7 लेवल पद संख्या-21, वाहन चालक लेवल 7 पद संख्या-14, वाहन चालक कम ऑपरेटर लेवल 4 पद संख्या, फायरमैन लेवल 4 पद संख्या-117, स्टोर कीपर लेवल 4 पद संख्या -32, मैकेनिक लेवल 4, पद संख्या-2 वाचरूम ऑपरेटर लेवल 4, पद संख्या-19, वायरलेस ऑपरेटर (संविदा), संविदा वेतन 4 है। आवेदन ऑनलाइन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर 1 जुलाई से भरे जाएंगे। आवेदन में सुधार के लिए 10 अगस्त 2025 तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन करने से पहले विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन एवं नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। योग्यता, आयु सीमा, चयन प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी वहीं उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे समय-समय पर वेबसाइट पर अपडेट्स को जरूर देखें। यह भर्ती छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित होगी और अग्निशमन विभाग में नई ऊर्जा एवं दक्षता लाने में मदद करेगी।

## कांग्रेस पर आतंकवाद समर्थन का आरोप, राजीव शुक्ला ने किया खारिज

### कहा- कांग्रेस खुद आतंकवाद का सबसे बड़ी शिकार

**रायपुर, 16 जून।** राज्यसभा सांसद और बीसीसीआई के अंतरिम अध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कांग्रेस पर आतंकवाद का समर्थन करने के आरोपों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद आतंकवाद की सबसे बड़ी शिकार रही है और पार्टी ने कभी भी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया। शुक्ला ने यह भी कहा कि कांग्रेस के कई बड़े नेता इसी हिंसा का शिकार बने हैं, इसलिए यह कहना कि कांग्रेस आतंकवाद की समर्थक है, एक बड़ा मजाक होगा। रायपुर में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के समापन कार्यक्रम में शामिल होने आए राजीव शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं और इसी का नतीजा है कि राज्य को दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का मौका मिला है। नक्सलवाद के समाप्ति के विषय पर पूछे गए सवाल के जवाब में शुक्ला ने कहा कि यह समस्या सभी सरकारें मिलकर सुलझा रही हैं, चाहे वह मनमोहन सिंह की सरकार हो या वर्तमान मोदी सरकार।



### पाठ्य पुस्तकें कबाड़ी को बेचने वाली संकुल समन्वयक निलंबित

**धरसीवां, 16 जून।** छत्तीसगढ़ के धरसींवा में एक संकुल समन्वयक को स्कूली पाठ्यक्रम की पुस्तकें बेंचते हुए रंगे हाथों पकड़ गया है. संकुल समन्वयक पूर्णिमा वर्मा सरकार द्वारा बच्चों के लिए भेजी गई पुस्तकों को अवैध रूप से बेंच रही थी. इसी दौरान ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया. इस मामले की जानकारी मिलते ही आज छ्श्वह्र ने कार्रवाई करते हुए संकुल समन्वयक को निलंबित कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, संकुल समन्वयक शनिवार की शाम साढ़े छह बजे सांकरा शासकीय स्कूल की पुस्तकें कबाड़ वाले को बुलाकर बेंच रही थी. इसी दौरान ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया. घटना की जानकारी मिलने पर शाला विकास समिति अध्यक्ष नोहर वर्मा भी मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी.

### प्रेम प्रसंग में नाबालिग का मर्डर, लड़की के घरवालों पर हत्या का आरोप



- **ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव, कहा - मामले को दबा रही पुलिस, एसपी बोले निष्पक्ष होगी जांच**

**बेमेतरा, 16 जून।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से लव अफेयर में युवक की हत्या का मामला सामने आया है. मृतक के परिजनों ने लड़की के घर वालों पर हत्या का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि मामले को भ्रमित करने के लिए गांव के ही पेड़ पर लड़के को फांसी पर लटका दिया गया, ताकि आम जनों को यह लग सके कि युवक ने ही आत्महत्या की है. इस मामले को लेकर आज मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया और पुलिस पर मामला दबाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई. पूरा मामला नवागढ़ विधानसभा के ग्राम अमलडीका का है. मृतक के परिवार वालों का कहना है कि मेर बेटा आत्महत्या नहीं की है. लड़की के परिवार वालों ने उनकी हत्या की है. कई सबूत मौके पर मिले हैं. पुलिस मामले को दबा रही है. इस मामले में एसपी ने कहा, निष्पक्ष जांच होगी. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. ग्रामीणों और मृतक के परिजनों का कहना है कि मृतक नाबालिक युवक का गांव के ही एक नाबालिक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. यह बात लड़की के परिवार वालों को नागवार गुजरी और षड्यंत्र पूर्वक लड़के को बुलाकर उनकी हत्या कर दी. पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाए हैं.

### विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़

# पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी में फिर लापरवाही गलत सेमेस्टर का पेपर बांटने से विद्यार्थी परेशान



**रायपुर, 16 जून।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही ने विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है. टाइम टेबल जारी करने के बावजूद यूनिवर्सिटी सही समय पर परीक्षा आयोजित करना भूल गई, जिससे परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी दिनभर परेशान रहे. दरअसल आज 16 जून को बीवॉक (जेम एंड जेमोलॉजी) के छठे सेमेस्टर की परीक्षा निर्धारित थी. लेकिन यूनिवर्सिटी की लापरवाही के कारण परीक्षा केंद्र पर छठे सेमेस्टर के बजाय दूसरे सेमेस्टर का प्रश्न पत्र और रोल नंबर बांटे गए. न तो सही रोल नंबर उपलब्ध थे और न ही सही प्रश्न पत्र. परेशान विद्यार्थियों ने लल्लूराम.कॉम से बातचीत में बताया कि जब वे परीक्षा हाल में पहुंचे, तो वहां कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### प्रशासनिक भवन और विभाग में लटके ताले

विद्यार्थियों ने अपनी शिकायत लेकर प्रशासनिक भवन और संबंधित विभाग का रुख किया, लेकिन वहां ताले लटके मिले. इसके बाद जब वे दोबारा परीक्षा भवन पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि उनका प्रश्न पत्र तैयार ही नहीं किया गया है और परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है.

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी गलतियां

विद्यार्थियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन की यह पहली लापरवाही नहीं है. इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रबंधन परीक्षा प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं ले रहा. विद्यार्थियों ने इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर रोष जताया और तत्काल कार्रवाई की मांग की है.

### यूनिवर्सिटी की चुप्पी

इस मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. विद्यार्थी और अभिभावक इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26